# त्रिगुट

देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

गोण्डा सोमवार 23 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 66 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये



## नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।


## अल्पसंख्यकों से जुड़ने के लिए भाजपा शुरू करेगी सद्भावना यात्रा

नई दिल्ली( ईएमएस )। लोकसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक समुदायों तक पहुंचने के लिए भारतीय जनता पार्टी देश भर में सद्भावना यात्रा शुरू करने की तैयारी में है। इस यात्रा का लक्ष्य भारत के 543 मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्रों से जुड़ना है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि इस सद्भावना यात्रा का उद्देश्य मुस्लिम, सिख, जैन और पारसी समुदाय को केंद्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराना है। मोर्चा के मीडिया समन्वयक यासिर जिलानी ने बताया कि यह यात्रा देशभर के 65 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होकर फरवरी तक समाप्त होगी। इस यात्रा की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए, मोर्चा ने अपने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर समितियों की स्थापना की है।

### मुख्यमंत्री ने जनपद अयोध्या में 'मिशन महिला सारथी' का शुभारम्भ किया

# प्रदेश में बस स्टेशन एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेंगे, इस पर कार्य प्रारम्भ हो चुका–योगी आदित्यनाथ

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आज शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि है। देश व प्रदेश में जगत जननी मां भगवती के आठवें रूप महागौरी की पूजा और अनुष्ठान किया जा रहा है। आज महाष्टमी की तिथि पर 'मिशन शक्ति' के क्रम में 'मिशन महिला सारथी' का शुभारम्भ किया जा रहा है। यहां से 51 बसें प्रदेश की अलग–अलग जगहों के लिए जाएंगी। इन बसों की चालक और परिचालक महिलाएं हैं। परिवहन निगम की बसों में चालकों और परिचालकों के रूप में महिलाओं का होना गर्व की बात है। अब बेटियां फाइटर पायलट भी बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री जी आज जनपद अयोध्या में 'मिशन महिला सारथी' का शुभारम्भ करने के पश्चात इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 51 साधारण बी0एस0–टप् बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा 'मिशन महिला सारथी' के प्रतीक का अनावरण किया। भारतीय समाज ने इस मान्यता को प्रमुखता के साथ आगे बढ़ाया है कि जिस समाज में नारी का सम्मान तथा गरिमा की रक्षा होगी, वह समाज सशक्त व आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार शारदीय नवरात्रि की प्रथम तिथि से नारी गरिमा की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का कार्य निरन्तर आगे बढ़ा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रदेश शासन की विभिन्न सेवाओं में डेढ़ लाख से अधिक बहन–बेटियों को नियुक्ति प्रदान की गई है।





इलेक्ट्रिक बसें एक बार चार्ज होने पर 300 किलोमीटर आसानी से चल सकती हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए एक नीति बनाई है। जो व्यक्ति इलेक्ट्रिक बस खरीदेगा, प्रदेश सरकार उसको एक बस के लिए एक बार में 20 लाख रुपए तक की सहायता प्रदान करेगी। स्कूल, कॉलेज, परिवहन निगम में अनुबन्धित करने व सिटी बस सेवा के लिए बस खरीदने पर प्रदेश सरकार रूट उपलब्ध कराएगी। यदि परिवहन निगम और नगर विकास विभाग द्वारा बसों के लिए जगह–जगह चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाते हैं तो एक प्रदूषण मुक्त व्यवस्था आम नागरिकों को प्राप्त हो सकेगी। प्रदेश में शीघ्र ही इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण का कार्य भी प्रारम्भ हो जाएगा, यह क्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी ने परिवहन निगम की कार्य कुशलता को प्रयागराज कुम्भ–2019 में देखा है। इस दौरान बसों द्वारा 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को संगम स्नान के लिए और प्रयागराज के अलग–अलग स्थानों पर जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड–19 के समय प्रदेश के 40 लाख तथा बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों के लोग विस्थापित होकर अपने घरों के लिए पैदल चले थे, तब उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने इस चुनौती को स्वीकार किया था। परिवहन निगम की 11 से 12 हजार बसों के बेड़े के साथ चालक और परिचालक प्रदेश की सीमाओं पर डटे हुए थे। प्रदेश के नागरिकों को उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य परिवहन निगम की बसों द्वारा किया गया। अन्य राज्यों के लोगों को भी प्रदेश की सीमा तक पहुंचाने का कार्य किया गया।संकट के समय जो साथ खड़ा हो, वही सच्चा साथी होता है। परिवहन निगम आपके संकट का साथी है। इस अवसर पर मिशन महिला सारथी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को परिवहन राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्री दयाशंकर सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रमुख सचिव परिवहन श्री एल0 वेंकटेश्वर लू ,प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद व शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने ऋषभनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में दर्शन–पूजन किया तथा साध्वी ज्ञानमती माता से भेंट की।

## मणिपुर के बॉर्डर एरिया में फोर्स बढ़ाई गई



इम्फाल ( ईएमएस )। मणिपुर के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस कमांडो की संख्या बढ़ा दी गई है। इसके खिलाफ म्यांमार की सीमा से लगे मोरे शहर में आदिवासी महिलाओं का एक वर्ग बीते 3 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहा है। कुकी इंपी और कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी जैसे आदिवासी संगठनों ने दावा किया कि शहर में इंफाल घाटी से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। इससे शांति भंग हो सकती है। वहीं, राज्य में हो रही हिंसा की घटनाओं को लेकर इंटरनेट पर बैन 26 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है।

कुकी संगठन का दावा– रात को हेलिकॉप्टर से मैतेई पुलिस की तैनाती की जा रही कुकी इंपी संगठन का दावा है कि शहर के बफर जोन में पैरामिलिट्री फोर्स और इंडियन आर्मी के जवान काफी संख्या में तैनात हैं। इसके बावजूद कुकी बहुल शहर टेंग्नौपाल जिले के मोरेह में रात को हेलिकॉप्टर से अतिरिक्त मैतेई पुलिस की तैनाती की जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इम्फाल पूर्वी जिले में हाल के अभियानों में हथियारों और गोला–बारूद की बरामदगी कुकी समुदाय को बदनाम करने के लिए की गई है। इसलिए भी हम प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, सैन्य अधिकारियों का कहना है कि असम राइफल्स के एक कमांडेंट और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों में प्रदर्शनकारियों के साथ कई बार बातचीत की, लेकिन इसका अभी तक समाधान नहीं हुआ।तीन दिन पहले मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य के आदिवासी संगठनों को 27 मार्च के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति दी थी।

# एक साथ दो व्हाट्सएप अकाउंट लॉग इन कर सकेंगे यूजर्स

नई दिल्ली ( ईएमएस )। सोशल मीडिया प्लेटफार्म कंपनी मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने घोषणा की कि व्हाट्सएप यूजर्स अब एक साथ दो व्हाट्सएप अकाउंट लॉग इन कर सकते हैं। व्हाट्सएप जल्द ही एक कमाल का फीचर लॉन्च करने जा रहा है। इस फीचर के रोल आउट हो जाने के बाद व्हाट्सएप यूजर्स इंस्टाग्राम और फेसबुक की तर्ज पर ऐप के भीतर एक ही फोन पर दो व्हाट्सएप अकाउंट में लॉग इन कर सकेंगे।

मेटा ने एक बयान में कहा कि यह फीचर आने वाले हफ्तों और महीनों में एंड्रॉइड यूजर्स के लिए शुरू की जाएगी। हालांकि आईओएस यूजर्स के लिए यह फीचर कब रोल आउट किया जाएगा इसकी अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। मेटा ने एक ब्लॉग में कहा कि नया व्हाट्सएप मल्टीपल एकाउंट उन यूजर्स के लिए मददगार होगा जिन्हें अलग–अलग अकाउंट जैसे कि अपने काम और व्यक्तिगत प्रोफाइल के बीच स्विच करने की जरूरत होती है। इस फीचर के साथ, यूजर्स को अब हर बार अकाउंट स्विच करने या दो अलग–अलग फोन ले जाने पर लॉग आउट करने और वापस लॉग इन करने की ज़रूरत नहीं है।

इसके साथ ही गलत जगह से मैसेजिंग के बारे में चिंता करने की जरूरत भी नहीं है, इस प्रकार यूजर्स का मैसेजिंग अनुभव सरल हो जाता है। दूसरे अकाउंट को सेटअप करने के लिए, यूजर्स को दूसरे फोन नंबर और सिम कार्ड, या एक ऐसे फोन की आवश्यकता होगी जो मल्टी–सिम या द्गस्ढ्ढरूको सपोर्ट करता हो। सरल शब्दों में, एक फोन में दो व्हाट्सएप अकाउंट का उपयोग करने के लिए इन स्टेप को फॉलो कीजिए– सबसे पहले व्हाट्सएप खोलें और ऊपर दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर टैप करें।



'सेटिंग्स' पर टैप करें और फिर 'अकाउंट' पर टैप करें।'ऐड अकाउंट' पर टैप करें और अपना दूसरा अकाउंट सेट करने के लिए निर्देशों का पालन करें। एक बार आपका दूसरा अकाउंट सेट हो जाने पर, आप ऐप के ऊपरी दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर टैप करके और फिर 'अकाउंट' पर टैप करके दोनों अकाउंट के बीच स्विच कर सकते हैं।

**जल्द ही एक कमाल का फीचर लॉन्च करने जा रहा है व्हाट्सएप**

बता दें कि यूजर्स अब ऐप के भीतर एक फोन पर दो व्हाट्सएप अकाउंट तो बना सकते हैं। लेकिन यूजर्स एक से अधिक व्हाट्सएप अकाउंट बनाने के लिए एक ही फोन नंबर का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

## दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक नफर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी करनैलगंज के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष परसपुर के कुशल नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।जिसके सम्बन्ध में थाना परसपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया गिरफ्तार अभियुक्त रामजीत पुत्र मनीराम निवासी सोलोनी मुहम्मदपुर थाना उमरी बेगमगंज गिरफ्तार करता टीम उप निरीक्षक सोम प्रताप सिंह कांस्टेबल अभिषेक यादव थानाध्यक्ष परसपुर शामिल रहे।

# जगह–जगह पर सज़ा मां दुर्गा की प्रतिमा

### रानी बाजार में चंद्रयान 3 पर सजा पंडाल बना आकर्षण का केंद्र





कल्पराम त्रिपाठी

गोंडा। रानी बाजार में जय माता की सेवक संघ द्वारा आयोजित 9 दिवसीय दुर्गा पूजा पर सातवें दिन बड़े पंडाल पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी महिला पुरुष भक्त लाइन की पंक्ति में लगकर जय भवानी जय माता दी की जयकारा लगाते हुए सीढ़ी चढ़कर गुफा में होते हुए मां दुर्गा और मां की तीनों पिंडी का दर्शन किया। जगह–जगह हलुआ का प्रसाद तो कहीं पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। जय माता की सेवक संघ के अध्यक्ष चन्द्र मोहन मित्तल ने बताया कि यहां पर नवरात्रि के प्रथम दिन से दर्शन करने का कार्यक्रम शुरू हैं। ये पंडाल करीब नवरात्रि से एक महीने पहले कलकत्ता के कारीगरों द्वारा बनाया जाता है। ये पंडाल करीब 105 फिट ऊंचाई तक बनाया गया है। जनपद में करीब 1200 पंडाल पर मां दुर्गा की प्रतिमा रखी जाती है मगर रानी बाजार का ये बड़ा पंडाल हर बार आकर्षण का केंद्र बना रहता है।संघ के व्यवस्थापक शिव कुमार बड़कऊ ने बताया कि इस बार शीप से मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई गई है जो मूर्ति को सुल्तानपुर से लाया गया है। पंडाल में इस बार महालक्ष्मी , महाकाली,मां सरस्वती के साथ साथ तीन पिंडों की भी दर्शन किए जा रहे हैं ।नौ दिन का इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का बहुत ही बड़ा सहयोग रहता है। जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी काफी संख्या में सुरक्षा के लिए मौजूद रहतीं हैं।इस पंडाल में हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन कराने के लिए जय माता की सेवक संघ के राम कुमार छोटकऊ,अलका गुप्ता,मुकेश अग्रवाल चिंटू,विशाल अग्रवाल,विजय सोनी,दीपक,संजय साहू, आनन्द गुप्ता, गुड्डू भाई,महेश मोदनवाल,राज विक्की, राज कुमार कसौधन , सहित अन्य पदाधिकारी का बड़ा सहयोग रहा। इसके अलावा रानी बाजार के पुरानी गल्ला मंडी में, कुएं पर, अग्रसेन चौराहे पर,सोनर गली, ददुआ बाजार, साहब गंज , पटेल नगर, बहराइच रोड,चौक बाजार,एकता तिराहा, फैजाबाद रोड,टामसन चौराहा,पंत नगर, जेल रोड, कचेहरी रोड,सहित कई अन्य जगहों पर मां का पंडाल सज़ा हुआं है। पूरा शहर लाइट के जगमगाता हुआ सज़ा हुआ है।

# गोण्डा ने रचा इतिहास, देश के सबसे बड़े कन्या पूजन का भव्य आयोजन

## 11,888 कन्याओं का किया गया भव्य पूजन, उत्कृष्ट कार्यों के लिए मातृ शक्ति सम्मानित





निज संवाददाता

गोण्डा। शारदीय नवरात्रि की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर जनपद गोण्डा रविवार को ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना। ऋषि मुनियों की इस पावन धरती पर एक इतिहास रचा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के अवसर पर देश के सबसे बड़े कन्या पूजन 卐शक्ति वंदन卐 समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से आई 11,888 बेटियों का कन्या पूजन व महाभोज किया गया।

जिला प्रशासन की ओर से गोण्डा के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में भव्य 卐शक्ति वंदन卐 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महिला स्वावलंबन और मातृ शक्ति के प्रतीक मिशन शक्ति कैफे और मिशन शक्ति वॉल का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की नौ महिलाओं को नवदेवी सम्मान से भी नवाजा गया। खास बात यह है कि यह पूरा कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास बेबी रानी मौर्य ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ, राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास प्रतिभा शुक्ला, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, विधायक करनैलगंज अजय कुमार सिंह, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप समेत भारी संख्या में गणमान्यों ने इस समारोह की भव्य को और भी बढ़ा दिया।

अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। समारोह में सभी गणमान्यों ने हवन कुंड में आहुति देकर देश, समाज और विश्व के कल्याण की कामना की। जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आई कन्याओं पूजन के साथ स्वच्छता हाईजिन किट और पोषण पोटली का वितरण किया गया। गणमान्य अतिथियों के द्वारा भी कन्या पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर मंडलायुक्त देवी पाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

**कैबिनेट मंत्री ने किया कैफे व वॉल का लोकार्पण**

समारोह की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास बेबी रानी मौर्य ने मिशन शक्ति कैफे और मिशन शक्ति वॉल का लोकार्पण किया। मिशन शक्ति कैफे की स्थापना श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में की गई है। यह प्रदेश का पहला मिशन शक्ति कैफे है। इसका संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। वहीं, मिशन शक्ति वॉल के माध्यम से देश और दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाली महिला शक्ति को जिला प्रशासन द्वारा एक नए अंदाज में सम्मानित किया गया है। बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ बनी यह वॉल देश और दुनिया में अलग–अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की महिलाओं को समर्पित है। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनीनायडू से लेकर सुषमा स्वराज, सानिया मिर्जा, जिमनास्टर दीपा कर्माकर समेत 25 शख्सियतों को स्थान दिया गया है।

***प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं का सम्मान– मंत्री प्रतिभा शुक्ला***

राज्यमंत्री महिला कल्याण प्रतिभा शुक्ला ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए आवाह्न किया कि वह सिर्फ साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बनें। उत्तम चरित्र की शिक्षा से सभी बेटियों का गौरव बढ़ेगा। महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व स्वावलंबन के लिये प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–4 चलाया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम में आई हुई सभी कन्याएं मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती का रूप है। इन तीनों देवियों की परिकल्पना पर ही पूरा संसार का निर्माण हुआ है।

***नौ महिलाओं को दिया गया नवदेवी सम्मान***

शक्ति वंदन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की नौ मातृशक्तियों को नवदेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, राजस्व विभाग की अन्नू सिंह, न्याय विभाग की शैलबाला सिंह, उद्योग जगत से उर्मिला गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग से सुनीत मौर्या ( आशा ), भगहरिया पूरेमितई की ग्राम प्रधान रेखा सिंह, तरबगंज की बी.सी. सखी संध्या देवी, कंपोजिट विद्यालय–पथवलिया झंझरी की सहायक अध्यापिका वंदना मिश्रा, मुजेहना ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुशीला को राज्य मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

***208 किलो कूड़े का निस्तारण सुनिश्चित***

कन्या पूजन के इस भव्य समारोह की एक बड़ी उपलब्धि जीरो वेस्ट इवेंट भी रहा। इस पूरे समारोह के दौरान 138 किलोग्राम गीला कूड़ा और करीब 70 किलोग्राम सूखा कूड़ा उत्सर्जित हुआ। इसका पूर्ण रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया गया। गीले कूड़े के निस्तापण के लिए कार्यक्रम स्तर पर कम्पोस्ट पिट तैयार किया गया था। इस कूड़े को खाद में परिवर्तित किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि सूखे कूड़े को भी चार भागों में बांटा गया है। इसमें, गिलास, प्लास्टिक की बोतल, पेपर वेस्ट और पॉलिथीन शामिल हैं। इनका पृथक्कीकरण कार्यक्रम स्थल पर ही सुनिश्चित किया गया है। इस पृथक्कीकृत कूड़े को ड्राई वेस्ट यूनिट में भेज दिया गया है।

***लक्ष्य से भी बड़ा रहा आयोजन***

देश के इस सबसे बड़े शक्ति वंदन को भव्य बनाने के लिए 11 हजार बेटियों का कन्या पूजन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन, जिला प्रशासन की कोशिशों के नतीजा है कि लक्ष्य से आगे बढ़कर 11,888 कन्याओं का पूजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चन्द्र यादव ने बताया कि झंझरी ब्लॉक से 2550, पण्डरी कृपाल से 1100, हलधरमऊ से 1300, कटरा बाजार से 1120, मुजेहना से 1650, मनकापुर से 590, वजीरगंज से 580, नवाबगंज से 560, परसपुर से 592, करनैलगंज से 570, बेलसर से 583, तरबगंज से 575, रुपईडीह से 565 तथा इटियाथोक से 596 बेटियां इस समारोह में शामिल हुई।

त्रिगुट

सोमवार 23 अक्टूबर 2023

## पहाड़ों पर बर्फ और मैदानों में चुनावी गर्मी

देश में पहाड़ों पर बर्फबारी से तापमान गिरकर 20 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है लेकिन देश के मैदानी राज्यों में विधानसभा चुनावों की गर्माहट तेज हो गयी है । पारा दिन-ब-दिन बढ़ता दिखाई दे रहा है । राजस्थान में भाजपा की वरिष्ठ नेता श्रीमती बसुंधरा राजे को मना लेने के दावे किये जा रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा और कांग्रेस में कहीं बगावत जारी है तो कहीं मान-मनव्वल । उधर मिजोरम जाने के लिए भाजपा को कोई चंद्रयान नहीं मिल रहा है। अभी तक मिजोरम में चुनावी माहौल ठंडा बना हुआ है।

पहाड़ों का मौसम बदलता है तो मैदानों का मौसम अपने आप बदलने लगता है ,लेकिन इस बार बर्फबारी के बावजूद मैदानों में चुनावी सरगर्मियां देखने लायक है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ जीतने के लिए भाजपा है कमान को जहाँ रूठों को मनाने में पसीना आ गया वहीं मध्यप्रदेश में अपनी सत्ता बचाये रखने के लिए भाजपा हाईकमान को ऐढ़ी -चोटी का जोर लगना पड़ रहा है । कांग्रेस को राजस्थान और छत्तीस गढ़ में सत्ता बचाना है जबकि मध्यप्रदेश और तेलंगाना में सत्ता हासिल करना है। मिजोरम के बारे में कोई भी दल बहुत ज्यादा गंभीर नहीं है। मध्यप्रदेश में भाजपा से सत्ता हासिल करने के लिए एक बार फिर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी आखरी दांव लगा रही है । कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के लिए एक लंबा-चौड़ा वचन-पत्र जारी किया है। जिस्मने 59 मुद्दों पर 1250 वचन दिए गए है। कांग्रेस ने इस बार भाजपा सरकार की योजनाओं के नाम बदलने के साथ ही लगभग हर योजना में दी जाने वाली सहायता को स्वय या इयौढ़ा बढ़ा दिया है। अगर कांग्रेस अपने वचन-पत्र को मतदाताओं तक पहुंचा पाने में कामयाब रही तो यकीन जानिये कि भाजपा के लिए सत्ता में बने रहना कठिन हो जाएगा वैसे भी भाजपा खरीदे हुए जनादेश के सहारे प्रदेश की सत्ता में है।

भाजपा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि 2003 के प्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जैसी हो गयी है । वे भी अब भाजपा और प्रदेश के लिए बंटाधार साबित हो रहे हैं। प्रदेश में सड़कों और बिजली की दुर्दशा शिवराज सिंह सरकार पर भारी पड़ रही है। शिवराज पिछले विधानसभा चुनाव में कमलनाथ,दिग्विजय और महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया से लड़े थे, इस बार उन्हें कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी के अलावा अपनी ही पार्टी की मोदी-शाह की जोड़ी से भी जूझना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती अभी तक नाराज है। उनके जिन समर्थकों के टिकिट कटे हैं उन्हें बहन मायावती अपनी पार्टी का टिकिट दे रहीं हैं। समाजवादी पार्टी ने भी चुनाव मैदान में खम ठोंक दिए हैं। इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गयीं हैं। आम आदमी पार्टी अभी तक अपने लिए कोई जगह नहीं बना पायी है। मध्यप्रदेश में कल तक चुनावी रण में सबसे ज्यादा मुस्तैद दिखाई दे रही कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं की बदजुबानी बना-बनाया खेल बिगड़ती दिखाई दे रही है । पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह इस विधानसभा चुनाव के जरिये अपनी राजनीतिक विरासत अपने बेटों को सौंप देने पर आमादा है। पुत्र मोह में ये दोनों नेता पार्टी के नेता राहुल गांधी की कोशिशें को भी पलीता लगा दें तो कोई बड़ी बात नहीं है। कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी युगों पहले बदल चुका है किन्तु आज के मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पहचान दो बूढ़े बैलों की जोड़ी से ही है। दोनों अपने जीवन के अमृतकाल में हैं। इस जोड़ी की सबसे बड़ी बाधा ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन साल पहले ही कांग्रेस के खेत-खलिहान छोड़कर भाजपा के साथ हो लिए थे। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जादू जनता के सर से उतरने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी ने सरे कस-बल लगा लिए हैं। भाजपा के लिए अशोक गहलोत से बड़ी चुनौती पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती बसुंधरा राजे सिंधिया की बगावत थी ,लेकिन आखिर-आखिर में हाईकमान उन्हें शांत करने में कामयाब होता दिखाई दे रहा है। राजे की नाराजगी भाजपा की सबसे बड़ी चुनाती है । राजस्थान में अशोक गहलोत को यदि किसी के नेतृत्व में हराया जा सकता है तो वे सिर्फ और सिर्फ बसुंधरा राजे ही है। राजे को आईना दिखने के लिए भाजपा हाई कमान ने जयपुर राजघराने की दीया सिंह को आगे बढ़ाने की कोशिश की ,लेकिन पैसा उलटा पड़ा।

## दुर्भाग्यवश ही सब कुछ होय

सौभाग्य से ज्यादा सशक्त है और अपना रोल खूब निभाता है। झूठी मुस्कान, उदंड हंसी, नाटकीय संबंध सब उपलब्ध हैं और कामयाब हैं। भक्ति में भाव की कमी आई हुई है। ज़िंदगी में फ़िल्मी फैशननुमा भाव बढ़ रहे हैं। यह सब आम लोगों के दुर्भाग्यवश हो रहा है। अपनी सुविधायुक्त रिहाइश में रात भर आराम से सोकर वह सुबह उठे। निजी स्वास्थ्य प्रबंधक द्वारा दिए पेय का रसपान कर बाग़ में टहले। प्रकृति संवाद करते हुए योग किया। नहाकर, ईष्ट पूजन कर ताज़ा उम्दा फलों का रस पिया। बैठक में आकर आज का पहला वक्तव्य दिया, 'दुर्भाग्यवश समाज में विनम्र भाव में कमी आई है।' एक तरह से उन्होंने कह दिया कि बाज़ार में दुर्भाग्य का भाव चढ़ता जा रहा है। वह बात दीगर है कि उनको नहीं लगता कि उनका सौभाग्य तो दूसरों के दुर्भाग्य के कारण ही है। अब तो विनम्रता भी दुर्भाग्य का साथ दे रही है, अभिनय की तरह हो रही है। उसे सजा, संवारकर बाज़ार में उतार दिया गया है। दुर्भाग्य, सौभाग्य से ज्यादा सशक्त है और अपना रोल खूब निभाता है। झूठी मुस्कान, उदंड हंसी, नाटकीय संबंध सब उपलब्ध हैं और कामयाब हैं। भक्ति में भाव की कमी आई हुई है। ज़िंदगी में फ़िल्मी फैशननुमा भाव बढ़ रहे हैं। यह सब आम लोगों के दुर्भाग्यवश हो रहा है। सफल दिमागों की इसमें कोई भूमिका नहीं क्यूंकि उनकी जेब में तो सौभाग्यश्री विराज रहे हैं। वातावरण खुश है, महत्त्वपूर्ण और अमहत्त्वपूर्ण चीज़ें बाज़ार की रौनक बनी हुई हैं।

प्रकृति ने जो कुछ हमारे जीवन में रोपा वह दुर्भाग्यवश ही उजड़ा। इसमें कुदरत प्रेमी इंसान की ज़रा भी गलती नहीं है। संसार नश्वर है, जो सृजन हुआ है उसका विसर्जन होना है। अगर विदेशी शैली में संजीदा खोज हो तो पता चलेगा कि यह सब दुनिया रचने वाले की गलती है। अब तो यह उनका दुर्भाग्य ही है कि उनकी सबसे आश्चर्यजनक रचना बदहाल हुई जाती है। संसार के महाशक्तिशाली व्यक्ति एक दूसरे को खत्म करने पर तुले हैं। यह सब मानवता के दुर्भाग्य के कारण हो रहा है। दुर्भाग्य के कारण ही अब राजनीतिज्ञ खुद हर मामले में राजनीति करते हुए दूसरों से कहते हैं कि राजनीति न करें। राजनेता कहता है कि संकट की घड़ी में राजनीति न करें। यह उनका सौभाग्य है लेकिन उनका चुनाव जीतना जनता का दुर्भाग्यशाली होना बताता है। कुदरत की नाराजगी या अप्रत्याशित कारणों से तबाही और जान माल का नुकसान होता है तो उसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाता है। बात तो ठीक है उनकी, राजनीतिजी तो सौभाग्य के कारण ही विकासजी के नाम पर सड़कों, इमारतों, पुलों और सुरंगों के माध्यम से पर्यावरण का नुकसान करती है। सबसे सुरक्षित कारण यह है कि घटनाएं दुर्भाग्यवश होती हैं। अवैध निर्माण, अवैध खनन, अनुचित विकास कार्यों का कोई दोषी नहीं। इससे पता चलता है कि हमारी ज़िंदगी में सौभाग्य कम सक्रिय है दुर्भाग्य ज्यादा बेहतर तरीके से काम कर रहा है।

# क्या किसी विदेशी विश्वविद्यालय में अध्ययन करना उचित है ?

विजय गर्ग

पिछले कुछ सालों से भारत से लोगों का विदेश जाकर विदेशी कॉलेजों में दाखिला लेने और वहीं बस जाने का क्रेज बढ़ रहा है। सरकार के मुताबिक, 2016 से 2021 के बीच 26.44 लाख भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए विदेश गए। एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया ( एसोचैम ) के अनुमान बताते हैं कि साल 2020 में 4.5 लाख भारतीय छात्र शिक्षा के लिए विदेश गए और उन्होंने इस प्रक्रिया में 13.5 अरब डॉलर खर्च किए। साल 2022 में ये खर्च 24 अरब डॉलर यानी करीब 2 लाख करोड़ रुपये था. रेड सीयर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 तक यह खर्च 80 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जब अनुमानतः 20 लाख भारतीय छात्र विदेश पढ़ने जाएंगे. यदि हम राज्यवार विश्लेषण करें तो वर्ष 2021 तक विदेश में पढ़ने जाने वाले छात्रों में से 12-12 प्रतिशत पंजाब और आंध्र प्रदेश से थे; और 8 प्रतिशत गुजरात से थे। यदि युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रति हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश से प्रति हजार में से 4 युवा और गुजरात से प्रति हजार में से कम से कम 2 युवा हर साल विदेश में पढ़ाई करने जा रहे हैं। यदि हम 2016 से 2022 तक की संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी चिंताजनक दिखती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 14 प्रति हजार है। पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि कई कारणों से चिंता का विषय है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ये युवा शिक्षा और रोजगार की तलाश में विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं और इस प्रवास के कारण देश में आर्थिक गतिविधियों के लिए श्रमिकों की कमी हो रही है। देश में शिक्षा के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। यदि हम उच्च शिक्षा में छात्रों के प्रवेश पर नज़र डालें तो 1990-91 में केवल 49.2 लाख छात्रों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया; लेकिन साल 2020-21 में ये संख्या 414 लाख तक पहुंच गई. मोटे तौर पर कहें तो पिछले 30 वर्षों में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या 10 गुना से अधिक बढ़ गई है। अगर हम उच्च शिक्षा संस्थानों की बात करें तो हम देखते हैं कि वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43796 कॉलेज और 11296 स्टैंडअलोन शैक्षणिक संस्थान थे। जहां तक ?शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए शुल्क का सवाल है, तो अधिकांश भारतीय शिक्षण संस्थानों में यह विदेशी संस्थानों की फीस से काफी कम है और जिन विदेशी संस्थानों में भारतीय युवा प्रवेश ले रहे हैं उनमें से अधिकांश का स्तर बहुत ही निम्न स्तर का है। तो, सवाल यह उठता है कि भारतीय युवा भारी मात्रा में पैसा खर्च करके विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश क्यों लेते हैं? इसका सरल उत्तर यह है कि जो छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाते हैं, उनमें से अधिकांश वास्तव में उच्च डिग्री प्राप्त करने के लिए नहीं जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा सहित अन्य देशों और यूनाइटेड किंगडम सहित यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय छात्रों का वास्तविक इरादा शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक नहीं है।

# समय के महत्व को समझें

नरेन्द्र भारती

समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें। समय के पाबंद बनें। अगर समय के साथ नहीं चलोगे तो पिछड़ जाओगे। समय का प्रबंधन करें। समय सारणी बनाएं और हर पल का फायदा उठाएं। समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। समय सबसे बड़ा गुरु है। समय एक अनमोल पूंजी है। समय को जिसने भी बरबाद किया समय ने उसे भी बरबाद कर दिया। समय किसी का इंतजार नहीं करता। समय का सदुपयोग करोगे तो सफलता हासिल करोगे अगर समय का दुरुपयोग किया तो धराशायी हो जाओगे। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती। मानव को हमेशा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए अतीत की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं। । वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। समय के पास सबका लेखाजोखा है। मानव को समय से डरना चाहिए न जाने कब कैसा समय देखना पड़े।

## कहानी

# जिम्मेदार आदमी

दिनेश चंद्र वर्मा

आखिर कल्लू उर्फ कालूराम वल्द रामलाल उम्र 20 साल जाति हरिजन साकिन बेरखेड़ी खुर्द तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा को जिला पुलिस अधीक्षक ने ग्रामरक्षक अर्थात्‌ चौकीदार के पद पर नियुक्त कर ही दिया। नियुक्ति का यह कागज उसे थाने से मिला और उस छोटे से कागज को देखकर उसे उतनी ही खुशी हुई, जैसे वर्षों से प्रतियोगिता में बैठ रहे उम्मीदवार को आई.ए.एस. की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के समाचार से होती है।

इस छोटे से कागज के लिये कल्लू उर्फ कालूराम पिछले एक साल से थाने और जिला कचहरी के दफ्तर के चक्कर काट रहा था। न जाने कितने बाबूओं के उसने हाथ जोड़े थे और न मालूम कितने खाकी वर्दी वालों के पैरों को उसने छुआ था। कोई उसे झिड़कता तो कोई उसे हिम्मत बंधाता। बड़ी मुश्किल से उसे यह कागज मिल पाया था और उस कागज को उसने इस तरह संभालकर अपने कुर्ते की जेब में रखा था, जैसे उसे गांव की जागीरदारी का पट्टा मिल गया हो।

चौकीदार, जिसे गांव के लोग कोटवार तथा सरकारी कागजों में ग्रामरक्षक कहा जाता है, कल्लू के लिये बड़ा परिचित नाम था। उसके यहां कई पीढ़ियों से चौकीदारी या कोटवारी का ही काम होता आ रहा था। उसका बाप रामलाल भी कोटवार था, यदि उसके बाप की जानकारी सही थी तो उसके दादा और परदादा भी चौकीदार थे। न जाने कब यह नियम बना था कि चौकीदार के बेटे को ही चौकीदार बनाया जाए और यह नियम आज तक लागू था।

पिछले साल तक कल्लू का बाप ही चौकीदार था, पर तीन-चार रोज के बुखार में ही वह परलोकवासी हो गया तो मौजा ( गांव ) बेरखेड़ी खुर्द चौकीदार विहीन अर्थात ग्रामरक्षक विहीन हो गया। सबसे पहले इसकी चिंता ग्राम के सरपंच चौधरी अजब सिंह को हुई। फिर इलाके के थानेदार को। इसके बाद चौकीदार की कमी से कई और लोग चिंतित हुए, जिनमें गांव के स्कूल के हेडमास्टर साहब, पास के गांव के पशु डॉक्टर, टीका लगाने वाला वेक्सीनेटर, नर्स-बाई, हफ्ते-दो हफ्ते में आने वाले पटवारी साहब, ग्रामसेवक और मलेरिया विभाग के बाबू शामिल थे।

जब कल्लू का बाप चौकीदारी करता था तो कल्लू गांव के दो-चार घरों के गाय-बैल चराने के लिये ले जाता था। वह दिन भर इन्हीं गाय, बैलों के साथ भटकता रहता था, इसलिये उसे पता ही नहीं था कि चौकीदार के काम क्या हैं? हां उसने अपने बाप को नीली कमीज, नीली टोपी और फटी धोती पहने जरूर देखा था। कमीज के ऊपर उसका बाप एक बेल्ट भी बांधता था, जिस पर कुछ लिखा होता था। मगर उसका बाप चौकीदारी कैसे करता था और हाथ में लाठी लिये हुए दिन भर कहां जाता था, इसका उसे कुछ पता नहीं था।

गांव के सरपंच अजबसिंह ने जब उससे चौकीदारी की अर्जी पर निशानी अंगूठा लगवाया था तो उसने झिझकते हुए यह कह भी दिया था कि हुजूर मुझे मालूम नहीं है कि चौकीदारी कैसे करते हैं। उसकी इस बात पर सरपंच हंस पड़ा और बोला 'साले तेरा बाप क्या अपनी मां के पेट से चौकीदारी सीख कर आया था, वह भी तो हमारी खिदमत करके ही सब सीखा था' सरपंच साहब खानदानी, रईस थे और कल्लू ही नहीं सारा गांव उनसे डरता था। कल्लू ने ठान लिया कि वह चौकीदार बन जाएगा तो सरपंच साहब की खूब खिदमत करेगा।

कल्लू ने सोचा था कि जब इतने बड़े आदमी ने अर्जी लिखवाई है तो दो-चार दिन में उसे चौकीदारी का हुक्म भी मिल जाएगा। इसी उम्मीद से उसने गाय-बैल चराना भी छोड़ दिया, पर जब एक महीना बीत गया और उसे हुक्म नहीं मिला तो उसने यह सोचते हुए कि सरपंच साहब बड़े आदमी हैं, भूल गए होंगे, उनके यहां हाजिर होने को फैसला किया। सरपंच ने उसे देखते ही पूछा क्यों बे तुझे अभी हुक्म मिला या नहीं? कल्लू ने जब इंकार किया तो सरपंच साहब बोले कल थाने में जाकर थानेदार साहब से मिल लेना, वे बता देंगे कि तुझे कब हुक्म मिलेगा।

दूसरे दिन वह थाने पहुंचा। थानेदार के सामने जाने की तो वह हिम्मत ही नहीं जुटा पाया। सिपाहियों और वहां तैनात मुंशीजी को चाय, सिगरेट पिलाकर वह इतना जान सका कि उसकी अर्जी, जिले के कप्तान साहब को भेज दी गई है। मुंशी ने उसे यह भी बताया कि कप्तान के दफ्तर में इतना बड़ा पोल खाता है कि हाथी भी घुस जाए तो पता नहीं चले। उसकी अर्जी न जाने किस कोने में दबी पड़ी होगी। इसलिये चार दिन बाद जब मुंशी जी जिला दफ्तर जाएं तो कल्लू भी उनके साथ चला जाए और अर्जी पर वजन रखने के लिये रुपयों का इंतजाम करता लाये।

चार दिन बाद कल्लू फिर थाने में हाजिर हुआ। मुंशीजी ने अपना बस्ता कल्लू के सिर पर रखा और बस अड्डे की ओर रवाना हुए। बस के आने में देर थी। इस बीच मुंशी जी ने दो बार चाय पी, दो बार पान खाया तथा एक डिब्बी सिगरेट खरीदी। यह बताने की जरूरत नहीं कि इस सबके पैसे कल्लू को ही देना पड़े। बस आई तो मुंशी जी ने अपने पुलिसिया रौब से एक सवारी को उठा दिया और खुद पसर कर बैठ गये। कल्लू उनका बस्ता रखे हुए, जैसे-तैसे खड़े रहने की जगह बना पाया। दो घंटे की यात्रा के बाद बस जिला सदर मुकाम पहुंची तब तक मुंशी जी सिगरेट की सारी डिब्बी बस में ही धुआं बनाकर उड़ा चुके थे। बस से उतरकर मुंशी जी ने पहला काम यह किया कि वे खाने की एक होटल में घुस गये। कल्लू बाहर खड़ा रहा और मुंशी जी ने एक प्लेट मुर्गा तथा आठ रोटियां फटकारने के बाद कल्लू को पैसे देने का हुक्म दिया। फिर उन्होंने एक पान मुंह में दबाया और सिगरेट की एक नई डिब्बी ली। भक्तिभाव से कल्लू इस सबके पैसे देता रहा। बाद में मुंशी जी और कल्लू एक तांगे में सवार होकर पुलिस कप्तान के दफ्तर पहुंचे। कल्लू को एक पेड़ के नीचे खड़ा करके मुंशी जी उस दफ्तर में ऐसे लापता हुए कि कल्लू के खड़े-खड़े पैर दुखने लगे। थककर वह पेड़ के नीचे बैठ गया।

जब दोपहर ढलने लगी तो मुंशी जी बाहर आए। हाथ का बस्ता उन्होंने फिर कल्लू को थमा दिया। मुंशी जी के साथ एक और बाबूजी थे। मुंशी जी ने उन बाबूजी से कहा बड़े बाबू ये हमारे इलाके के बेरखेड़ी खुर्द गांव का कल्लू है। इसका बाप रामलाल पहले वहां चौकीदार था। वह मर गया है, उसकी जगह चौकीदारी के लिये इस कलुआ ने अर्जी दी है। थाने से अर्जी आपके पास आ गई है। अब आप उस अर्जी पर कृपादृष्टि कर दो, यह कलुआ आपकी खिदमत करने के लिये ही आया है। बड़े बाबू और मुंशी जी दोनों ही यह जानते थे कि खिदमत का अर्थ क्या है। अब मुंशीजी ने कल्लू से कहा क्यों बे, सूखे ही सूखे चौकीदारी चाहता है, बाबूजी को चाय-पानी नहीं कराएगा।

तीनों ही पास की एक होटल की ओर बढ़े। अबकी बार मुंशीजी ने कल्लू को भी साथ चलने को कहा। तीनों जब भीतर पहुंचे तो खाने-पीने की चीजों का आर्डर देने का काम मुंशीजी ने संभाल लिया। पहले गुलाब जामुन आयी, फिर रबड़ी, फिर कचोरी फिर समोसे और उसके बाद चाय। कल्लू ने चाय को छोड़कर अन्य चीजों के नाम ही सुने थे। इन चीजों का स्वाद चखकर वह अपने आपको धन्य समझने लगा। चाय की चुस्की लेते हुए मुंशी जी ने कल्लू से कहा तू जो पांच सौ रुपये लेकर आया है वह बाबूजी को दे दे। कल्लू अब तक एक सौ रुपया मुंशी जी की सेवा में खर्च कर चुका था। उसने कहा हुजूर अब तो चार सौ ही बचे हैं। मुंशी जी यह सुनकर भड़के और बोले साले तुम हो गांव के गंवार, पूरे पैसे लेकर क्यों नहीं आए। बड़े बाबू क्या तेरे नौकर हैं जो मुफ्त में तुझे चौकीदारी का आर्डर दे देंगे। कल्लू चुप हो गया। अब बड़े बाबू ने बात आगे बढ़ाई ऐसा करो तुम तीन सौ रुपए अभी दे जाओ दो सौ रुपए आठ-दस दिन बाद दे जाना तब तक मैं तुम्हारी अर्जी आगे बढ़ा दूंगा। तीन सौ रुपए अपनी जेब के हवाले करने के बाद बाबू होटल से बाहर निकले और होटल का बिल कल्लू को ही चुकाना पड़ा।

रात को वे थाने में पहुंच गए। थाने में मुंशी जी से राम-राम करने के बाद जब कल्लू अपने गांव के लिये रवाना हुआ तो उसने यह फैसला कर लिया था कि घर के बरतन और सारे जेवर गिरवी रखने के बाद गांव के बनिया ने उसे पांच सौ रुपए दिये थे। अब वह इन बरतनों और जेवरों को बेच देगा, ताकि बड़े बाबू के लिये दो सौ रुपए का इंतजाम कर ले और इस गांव का चौकीदार बन जाए।

अपने वादे के मुताबिक कल्लू बड़े बाबू को दो सौ रुपए और दे आया। उन्होंने अर्जी भी आगे बढ़ा दी। बड़े बाबू ने अर्जी डिप्टी साहब को भेजी, डिप्टी साहब ने स्टेनो को, स्टेनो ने रीडर को, रीडर ने उसे कप्तान साहब के सामने पेश किया, पर अर्जी की चाल ने चींटी को भी मात कर दिया। कल्लू का अब नियम बन गया था कि वह हर हफ्ते जिला सदर मुकाम जाता। वहां बड़े बाबू को चाय-पानी कराता। उसके बाद वह उस अफसर के सामने खड़ा हो जाता, जिसके बारे में बड़े बाबू उसे बताते। हर बार वह दो-चार लोगों के पैरों से हाथ लगाता। इतनी भाग-दौड़ के बाद उसे पता चला कि उसकी अर्जी मंजूर हो गई है। कप्तान साहब ने आर्डर कर दिया है, मगर आर्डर के जिला सदर मुकाम से थाने पहुंचने में ही डेढ़-दो महीने लग गए। इस बीच वह गांव में मेहनत-मजदूरी करता रहा, पर इससे उसका और उसके घर का पेट ही भर पाता था। जिला सदर मुकाम जाने, वहां चाय, पानी कराने के लिये उसे यहां-वहां से कर्जा भी लेना पड़ता था, जिसे उसने चौकीदार बनने के बाद चुकाने का वादा किया था। सारे गांव को उसके चौकीदार बनने का इंतजार था। जब वह जिला सदर मुकाम से लौटता तो कई लोग उससे पूछते कि उसकी चौकीदारी का क्या हुआ? यह बात दूसरी है कि कुछ लोग यह बात अपना रुपया वापस लेने के लिये पूछते तो कुछ लोग मजाक उड़ाने के लिये। गांव के कुछ निठल्लों ने लिए कल्लू की चौकीदारी एक लतीफा बन गई थी।

कल्लू ने खुशी से गदगद होकर ज्यों ही नियुक्ति का कागज जेब में रखा, त्यों ही मुंशीजी ने कहा साले आर्डर तो जेब में रख लिया और हमें क्या उल्लू ही समझ लिया है जो हम इतने कागज लगाते रहे। थाने का मुंह मीठा कराये बिना तू यहां से जा नहीं सकता। कल्लू ने इसे मुंशी जी की अहसान भरी झिड़की मानी। मगर आज उसकी जेब में दो रुपए ही थे। उसने कहा हुजूर आज तो जेब खाली है दो-चार दिनों में मुंह मीठा करा जाऊंगा। कल्लू के इस जवाब से मुंशी जी और उदार होते हुए बोले अबे रुपयों की क्यों फिकर करता है रुपये तो मैं अभी दिये देता हूं। तेरी पगार जब आएगी, तब उसमें से काट लूंगा। यह कहते हुए मुंशी जी ने कल्लू के जवाब की प्रतीक्षा नहीं की, बल्कि जेब से सौ रुपये का एक नोट निकालकर एक सिपाही को दिया और कहा जाओ ठाकुर साहब एक किलो मिठाई ले आओ। थोड़ा-बहुत नमकीन ले आना। दस पेशल चाय बोल आना, दस पान बनवा लाना और एक डिब्बी सिगरेट की ले आना।

जिला सदर मुकाम और थाने के चक्कर काटते हुए कल्लू इतना तो जानने ही लगा था कि इतने सामान के आने के बाद सौ रुपये का नोट पूरी तरह ही खर्च हो जाना है। थाने का मुंह मीठा कराने की इस व्यवस्था से उत्साहित मुंशी जी ने अपने मुंह में मिठास लाते हुए कल्लू को समझाना शुरू किया कि अब वह भी सरकार और पुलिस का जिम्मेदार आदमी हो गया है। इसलिये हर हफ्ते सोमवार को उसे थाने में हाजिरी देनी होगी और गांव की सारी रिपोर्ट थानेदार साहब और मुंशी को देनी होगी। गांव में कोई बदमाशी करे तो यह भी बताना होगा। गांव में कोई मर जाये, किसी के घर बच्चा पैदा हो, इसकी रिपोर्ट आकर दर्ज कराना होगी। गांव में चोरी, डाकेजनी, मारपीट, बलवा और खून हो जाए तो उसकी रिपोर्ट तुरत-फुरत थाने में देना होगा। इसके अलावा कुछ और बातें उसे थाने में बताना होंगी, जैसे गांव में जुआ खेलने, शराब, गांजा और चरस पीने के शौकिनों के बारे में भी उसे खबर थाने में देनी होगी।

मुंशीजी से यह गुरुज्ञान प्राप्त करके तथा सारे थाने का मुंह मीठा कराके कल्लू अपने गांव लौट आया। उसे गांव में जो भी मिला, उसे उसने बता दिया कि वह चौकीदार हो गया है। उसने सरपंच साहब को भी जाकर यह खबर सुनाई।

सरपंच साहब यह सुनकर बहुत खुश हुए और बोले हमारी कोशिश कभी बेकार नहीं जाती। अब तू मन लगाकर अपने बाप की तरह काम करना। कल्लू हाथ जोड़कर उनके उपदेश सुनता रहा और लौटकर घर आ गया। रात को वह चैन की नींद सोया, आखिर महीनों पुरानी चिंता दूर हो गई थी।

दूसरे दिन सुबह उठकर उसने एक मटके में रखी अपने बाप की पुरानी वर्दी को निकाला। बेल्ट को कपड़े से रगड़ा तथा कपड़ों को धोकर सूखने के लिये डाल दिया। तीन-चार दिन बाद सोमवार को उसे थाने में हाजिरी देने जाना है और कल्लू इतना जानता था कि हाजिरी के लिये वर्दी पहिनना बहुत जरूरी है। वह अपनी वर्दी की इस चिंता से मुक्त हुआ ही था कि उसे सरपंच साहब के यहां से बुलावा आ गया। उनके बरामदे में पटवारी साहब बैठे हुए थे। सरपंच ने कल्लू से कहा कि पटवारी साहब लगान वसूल करने के लिए आए हैं, इसलिये गांवों के सभी किसानों को खबर कर दो कि अपना-अपना लगान लेकर आ जाएं। गांव के अधिकांश घर किसानों के थे। नतीजे में कल्लू ने हर घर की कुण्डी खटखटाई। जो लोग एक बार के बुलाने पर नहीं आए, उन्हें वह दूसरी बार बुलाने गया। कई लोगों को बुलाने के लिये उसे चार-चार, पांच-पांच बार जाना पड़ा। वह दिन भर भाग-दौड़ करता रहा। शाम को भूख और थकान से उसका बुरा हाल था और इस तरह कल्लू उर्फ कालूराम वल्द रामलाल साकिन ( निवासी ) बेरखेड़ीखुर्द तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा ने ग्रामरक्षक उर्फ चौकीदार उर्फ सरकार के सबसे जिम्मेदार आदमी के रूप में अपनी नौकरी का पहला दिन पूरा किया। दूसरे दिन सुबह होते ही एक नई जिम्मेदारी उसकी प्रतीक्षा कर रही थी। पंचायत के मुंशी जी ने उसे कागजों का एक पुलिंदा थमाते हुए कहा ये डाक आज ही तहसील के पंचायत दफ्तर में पहुंचानी है और इसकी रसीद लेकर आना है। वह इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिये दस मील पैदल तहसील गया और वहां पंचायत दफ्तर तलाश करके कागज सौंपे, पर यहां भी उसे जिम्मेदार आदमी मान लिया गया। दफ्तर का चपरासी छुट्टी पर था, इसलिये बाबुओं ने उसे चाय-पान और सिगरेट लाने की जिम्मेदारी सौंप दी। हां, इस काम में उसे भी दो-तीन बार चाय पीने का मौका मिल गया। तीसरे दिन ग्रामसेवक जी आ धमके, उन्हें अपने दफ्तर तक जरूरी डाक पहुंचना थी। चौथे दिन जब वह थाने में हाजिरी देने जा रहा था कि गांव की मिडवाइफ जिसे लोग नर्स बाई कहते थे, पास के अस्पताल से दवाएं लाने की एक चिट्ठी दे गयीं। मगर जब उसने थाने में हाजिरी की मजबूरी बताई तो उन्होंने बहुत दयाभाव से कहा कोई बात नहीं, कल ले आना। थाने में वह वर्दी लगाकर हाजिर हुआ। मुंशी जी उसके इंतजार में ही बैठे थे। कल्लू उन्हें गांव की खैरियत रिपोर्ट दे पाता इसके पहले ही मुंशी जी ने कहा जरा थानेदार साहब के बंगले में चला जा वहां से दो-तीन खबरें आ चुकी हैं। थानेदार साहब थाने के अहाते में एक क्वार्टर में रहते थे, जिसे बंगला कहा जाता था। बंगले में कई जिम्मेदारी के काम उसका इंतजार कर रहे थे। इनमें से कुछ काम थे थानेदार के सारे घर के कपड़ों को धोना, उनकी गाय के लिये घास काटकर लाना, बंगले के आसपास की सफाई करना शाम को उसे खुद थानेदार साहब ने एक जिम्मेदारी का काम सौंपा। यह काम था थानेदार साहब का नाम लेकर बिना पैसा दिए शराब की दुकान से एक बोतल शराब लाना। दिन भर वह दौड़-दौड़कर काम करता रहा, किसी ने उससे यह भी नहीं पूछा कि उसने कुछ खाया-पिया भी है या नहीं।

रात को थका-हारा वह लौटा। ग्राम बेरखेड़ी खुर्द का वह सबसे जिम्मेदार सरकारी आदमी चोरों की तरह अपने घर में घुसा और सो गया। उसे डर था कि कहीं कोई और जिम्मेदार काम उससे आकर नहीं चिपट जाए।

# संक्षिप्त समाचार

## 12 क्विंटल अफीम का डोडा बरामद, दो तस्कर दबोचे

हैदरगढ़ ( बाराबंकी )। एसटीएफ व हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार की रात लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर एक डीसीएम में लदा करीब 12 क्विंटल 23 किलो अफीम का डोडा बरामद किया, जिसकी कीमत करीब 12 करोड़ रुपये हैं। तस्करों ने इसे शकरकंद के बीच छिपा रखा था। पुलिस ने बरेली के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की तह तक जाने में जुटी है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि झारखंड के रांची से शकरकंद की बोरियों के बीच अफीम का डोडा डीसीएम पर लादकर बरेली ले जाया जा रहा है। इस पर एसटीएफ व हैदरगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर हैदरगढ़ चौराहे के पास रात करीब डेढ़ बजे घेराबंदी कर डीसीएम को रोकवा लिया। पुलिस ने डीसीएम में सवार बरेली जिले के भमौरा थाना क्षेत्र के बल्लिया गांव निवासी समीर शाह व इसी जिले के बारादरी थाना क्षेत्र के एजाजनगर गोड़िया निवासी अनीस को गिरफ्तार कर लिया। हैदरगढ़ के कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए दोनों तस्करों ने बताया कि बरेली के जगतपुर गोड़िया निवासी असलम तस्कर गिरोह का सरगना है। उसी के कहने पर हम लोग डोडा बरेली लेकर जा रहे थे। डीसीएम भी बरेली के जलापुर भोजीपुरा गुड्डू की है। इस काम के बदले दोनों को 25-25 हजार रुपये मिलते हैं और पहले भी कई बार डोडा की सप्लाई कर चुके हैं।

## सिलिंडर लीक होने से लगी आग, 10 आशियाने राख

रामसनेहीघाट ( बाराबंकी )। कोतवाली क्षेत्र के गोड़ियनपुरवा मजरे असेना गांव में शुक्रवार को दोपहर एक घर में सिलिंडर लीक होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने छप्परनुमा घरों को चपेट में ले लिया। इससे 10 आशियाने राख हो गए। इस दौरान दो महिलाएं झुलस गईं। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के गोड़ियनपुरवा मजरे असेना गांव में शिवकुमार के घर में रसोई गैस सिलिंडर लीक हो रहा था। दोपहर करीब तीन बजे इसी बीच खाना बनाते वक्त आग भड़क गई। यह देख शिवकुमार के घर के लोग बचाव के लिए चिल्लाने लगे। घर के ऊपर छप्पर रखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आसपास स्थित दयाशंकर, राम, रामलाल, शांति देवी, शिवराम, नरेश, महादेव, आशा, रामरती, ममता के घर पर रखे छप्परों में भी आग फैल गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम रास्ता संकरा होने के कारण तुरंत मौके पर नहीं पहुंच सकी। पाइप जोड़कर कर्मचारियों ने आग बुझाना शुरू किया। इस दौरान गांव की सरिता व संजू आग से झुलस गईं। फायर ब्रिगेड ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक गृहस्थी का सामान राख जल गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम रामआसरे वर्मा, सीओ जटाशंकर मिश्र ने करीब 10 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है। क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री सतीश शर्मा की ओर से पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी गई है।

## आभूषण का डिब्बा खोलेगा हत्या का राज, लखनऊ पहुंची पुलिस

देवरिया । क्षेत्र के जोगिया मोड़ स्थित पुलिया के निकट गद्दे में महिला का धड़ और पास फेंके गए ट्रॉली बैग में पैर मिलने के मामले की जांच करने पुलिस लखनऊ पहुंच गई है। शव के साथ पुलिस को आभूषण का एक डिब्बा मिला था जिसपर लखनऊ का पता अंकित था। इससे महिला की हत्या कर शव ठिकाने लगाने का राज खुलने की उम्मीद जगी है। महिला के शव के पास से बैग में मिले आभूषण के डिब्बे लखनऊ के ज्वेलरी की दुकान का होना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार टीम दुकान की पड़ताल करने के लिए लखनऊ गई हुई है। जहां आभूषण की दुकान के सीसीटीवी कैमरे की दो वर्ष तक की फुटेज खंगाला जा रहा है। जिसके जरिए अपराधियों तक पहुंचने में आसानी होगी। हालांकि मामले में 22 दिन बाद भी पुलिस कोई खुलासा नहीं कर सकी है। लोगों के अनुसार जोगिया मोड़ स्थित पुलिया के पास धान के खेत में संदिग्ध हाल में गद्दा और बैग देखा था। जानकारी होने पर आसपास के लोग जमा हो गए थे। जबकि सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। गद्दा और ट्रॉली बैग खोला गया तो लोग अवाक रह गए। नए गद्दे में महिला का धड़, जबकि बैग में कटा हुआ पैर और अन्य सामान बरामद हुए थे। लोग महिला को गैर जनपद या आरकेस्ट्रा की नर्तकी से जोड़कर देख रहे हैं। भलुअनी थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि जांच कराया जा रहा है। कुछ सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## मातृ शक्ति ने देश को राह दिखाई - डॉ. रमापति राम

देवरिया। मिशन शक्ति फेज-4 के तहत शुक्रवार को टाउन हॉल सभागार में महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी अर्धांगिनी कहा गया है। मातृ शक्ति को जब-जब अवसर मिला उसने राष्ट्र को नई राह दिखाई। कभी रानी लक्ष्मीबाई व अहिल्याबाई तो कभी सावित्री बाई फुले के रूप में समाज को नई दिशा दी। मातृ शक्ति को जब भी अवसर मिला उसने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय गणराज्य की संकल्पना में विभेद का कोई स्थान नहीं है। महिला अधिकार भारतीय संस्कृति में प्रदत्त है। भारत में शिक्षा की पद्धति में गुरुकुल की समृद्ध परंपरा रही है। महिला थाना प्रभारी सुषमा तिवारी, चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर ज्योति जायसवाल, स्मिता श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, अंजनी द्विवेदी ने भी संबोधित किया।

## दो घरों का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

देवरिया । खुखुंदू थाना क्षेत्र के पड़री पांडेय गांव में बृहस्पतिवार रात दो घरों का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोर चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची खुखुंदू पुलिस ने जांच की। खुंखूदू थाना क्षेत्र के पड़री पांडेय गांव निवासी राजनाथ शर्मा के घर बृहस्पतिवार रात चोर ने ताला तोड़कर घुस गए तथा बॉक्स में रखे सोने के जेवरात और करीब दस हजार रुपये चोरी कर लिए। वहीं, गांव के ही गुलाब कुशवाहा के घर के अंदर रखे बाक्स का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुरा लिया। दोनों परिवारों के लोगों को चोरी की जानकारी सुबह हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पीड़ितों ने खुखुंदू थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी वकीलों पर कसेगा शिकंजा, प्रशिक्षु वकील पहनेंगे काली टाई

फर्रुखाबाद। कचहरी में फर्जी वकीलों के प्रवेश पर रोक को लेकर बार एसोसिएशन ने निगरानी समिति का गठन कर दिया है। प्रशिक्षु वकील काली टाई पहनेंगे और मुंशी के काला कोट व जैकेट पहनने पर रोक रहेगी। सभी के परिचय पत्र बार एसोसिएशन जारी करेगी। वकालतनामा 25 अक्तूबर से 120 रुपये महंगा मिलेगा। यानी 350 रुपये का मिलेगा। बार एसोसिएशन के सभागार में अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व महासचिव नरेश यादव की अगुवाई में पदाधिकारियों व वकीलों बैठक शुक्रवार दोपहर हुई। बैठक में महासचिव नरेश ने कहा कि कचहरी में वकीलों की यूनिफार्म पहनकर आने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा। सभी वकील यूनिफार्म में आएं। प्रशिक्षु वकील काली टाई पहनेंगे। वे जिस कॉलेज में कानून की पढ़ाई कर रहे हैं। वहां से कचहरी में बैठने का प्रमाण पत्र लाएं। जिस वकील के पास बैठकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उनसे भी लिखित प्रमाण पत्र लेकर आएं। इसके बाद उनको परिचय पत्र बार एसोसिएशन से जारी किया जाएगा। वकीलों के मुंशी पर काला कोट व जैकेट पहनने पर रोक रहेगी। मुंशियों के परिचय पत्र भी जारी किए जाएंगे। अन्य व्यापार करने वाले वकील कचहरी में वकालत नहीं कर सकेंगे। इन लोगों को वकालत या व्यवसाय में से एक काम करना होगा। इसके लिए निगरानी समिति बनाई जाएगी। अभी तक वकालतनामा 230 रुपये में मिलता था। 25 अक्तूबर से इसमें 120 रुपये की वृद्धि करने का निर्णय बैठक में लिया गया। वकालतनामा 350 रुपये में मिलेगा। सर्व सम्मति से साथी वकीलों ने सभी प्रस्ताव पर मंजूरी जताई। इस दौरान उमेश मिश्रा, पवन मिश्रा, शहजाद अली बंटी, पूर्व पदाधिकारी राजेंद्र सिंह यादव, शेर सिंह यादव आदि वकील मौजूद रहे।

## तहसील में अधिवक्ताओं ने प्राइवेट कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता, किया प्रदर्शन

देवरिया । तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी कार्य से विरत रहते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। जबकि कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारियों को कार्य करने से रोकते हुए उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। वकीलों के प्रदर्शन के कारण पूरे दिन कार्य प्रभावित रहा। अधिवक्ता, प्राइवेट कर्मचारियों के जरिए मनमाना वसूली का आरोप लगा रहे हैं। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खुर्शेद आलम के नेतृत्व में वकीलों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कार्यालय, मालबाबू, नायब नाजिर, अभिलेख आदि कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारियों को कार्य करने से रोकते हुए उन्हें बाहर कर दिया। अधिकारियों पर वकील प्राइवेट कर्मचारियों के जरिए मनमाना पैसा वसूल किए जाने का आरोप लगा रहे थे। उनका यह भी आरोप था कि पैमाइश के नाम पर लोगों से करीब 10 हजार रुपये लिए जा रहे हैं। सभी का कहना था कि 67 क, 32 38 का निस्तारण नहीं हो रहा है।

# डेंगू से किशोरी, बुखार से मासूम ने तोड़ा दम

बाराबंकी। जिले में डेंगू और बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी डेंगू और बुखार से एक मासूम समेत दो की जान चली गई। वहीं सैकड़ों मरीजों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। डेंगू के कारण शहर के रसूलपुर निवासी श्रेया तिवारी ( 16 ) की जान चली गई। परिजनों के मुताबिक उसे कई दिनों से बुखार था। लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में प्लेटलेट्स की कमी और डेंगू की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं जहांगीराबाद के मिर्जापुर गांव निवासी कुलदीप की पुत्री आर्या ( 1 ) ने बुखार के कारण दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह से बच्ची को बुखार था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार जिले में डेंगू के आठ और मरीज मिले हैं। इनमें घुंघटेर और नगर क्षेत्र के दो-दो तथा देवा, मसौली, जाटाबरौली व सूरतगंज का एक-एक मरीज शामिल है। वहीं जांच में घुंघटेर, रामनगर, सिद्धौर, सूरतगंज, देवा, जाटाबरौली, रामसनेहीघाट व फतेहपुर में बुखार के 138 मरीज मिले हैं। उधर सिरौलीगौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय में प्लेटलेट्स की कमी वाले छह मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। टायफाइड की जांच में भी चार मरीज मिले हैं। वहीं रामसनेहीघाट नगर पंचायत में डेंगू व उसके लक्षण जैसे बुखार से करीब 25 से अधिक लोग पीड़ित हैं, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। रानीबाजार क्षेत्र के सिरौलीकला गांव में डायरिया के 20 मरीज मिले हैं। सीएमएस डॉ. बृजेश कुमार ने कहा कि अस्पताल आने वाले सभी मरीजों का बेहतर उपचार किया जा रहा है। किसी को कोई समस्या न हो, इसके लिए सभी प्रकार की सुविधाएं अस्पताल में मौजूद हैं। लगातार जांच व दवा मरीजों को दी जा रही है।

**मरीजों की भरमार, स्ट्रेचर तक मिलना दुश्वार**

बाराबंकी। जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को यहां की अव्यवस्थाएं निराश कर रही हैं। पर्चा बनवाने से लेकर दवा और जांच के लिए तो परेशान होना ही पड़ता है। इमरजेंसी में भी हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे है। यहां आने वाले मरीजों को स्ट्रेचर तक नसीब नहीं हो रहा है। सभी वार्ड फुल हो गए हैं। ऐसे में कई मरीजों को बिना देखे ही रेफर कर दिया जाता है। शुक्रवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। ऐसे में यहां के कर्मचारी भी परेशान नजर आए। एक स्ट्रेचर पर दो-दो मरीजों को लिटाकर इलाज किया गया। कुछ मरीज ऐसे भी नजर आए, जिन्हें स्ट्रेचर तक नसीब नहीं हुआ।

**मासूम ने तोड़ा दम, अस्पताल के पास नहीं जानकारी**

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शुक्रवार सुबह 11 बजे छह वर्षीय मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत के बाद परिजन बदहवास होकर इमरजेंसी के गेट पर ही रोने लगे। कोई कुछ बताने की हालत में नहीं था। ऐसे में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों से जब बच्ची की मौत के बारे में पूछताछ की गई तो जवाब मिला कि वह मृत अवस्था में यहां लाई गई थी। इसके चलते उसके बारे में कोई जानकारी अस्पताल के पास नहीं है।

## प्रधान को पता भी नहीं, सचिव ने निकाल लिए 3.70 लाख

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीसलपुर बांगर में प्रधान को जानकारी दिए बिना ही सचिव ने खाते से 3.70 लाख रुपये निकाल लिए। प्रधान ने मामले की शिकायत बीडीओ से की है। ग्राम पंचायत बीसलपुर बांगर के प्रधान धारा सिंह ने बीडीओ मोहम्मदाबाद से शिकायत की कि उनके गांव में 24 लाख रुपये की लागत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण स्वीकृत है। सचिव ने उनका डोंगल ले लिया और श्रीबाला जी फर्म के खाते में तीन लाख 70 हजार रुपये स्थांतरण कर दिए। इसकी उन्हें जानकारी भी नहीं दी गई। सामग्री न होने से निर्माण भी रुक गया। भुगतान मिलने के बावजूद फर्म ने निर्माण सामग्री देने से मना कर दिया। इस स्थिति में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण पूरा कराना संभव नहीं है। प्रधान ने सचिव को निर्माण पूरा कराने के लिए निर्देशित करने की मांग की। प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत खाते से करीब 16 लाख रुपये अधिक का भुगतान हो चुका है। जबकि मौके पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण आधा ही हुआ है। सचिव ने चहेती फर्म के खाते में भुगतान कर गोलमाल किया है।

# ट्रेनों में वेटिंग शुरू, भीड़ देख गोमतीनगर एक्सप्रेस बहाल

बाराबंकी। त्योहारों के मौसम में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ करीब 30 फीसदी तक बढ़ गई है। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने वाली कई ट्रेनों में वेटिंग कुछ दिन पहले से शुरू हो गई है। दीपावली व छठ पूजा तक हालात और मुश्किल भरे होंगे। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस को शुक्रवार से बहाल कर दिया।

इससे करीब एक हजार यात्रियों को रोजाना राहत मिलेगी। जिले के हजारों लोग दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब आदि प्रांतों में नौकरी व मजदूरी करते हैं। नवरात्र के बाद इन लोगों की घर वापसी होती है। बाराबंकी से होकर गुजरने वाली ट्रेनों से बिहार के हजारों लोग छठ पूजा में घर लौटते हैं। त्योहार का मौसम आते ही ट्रेनों में 30 फीसदी यात्री बढ़ गए हैं। इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। बिहार और पूर्वोत्तर की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग ज्यादा है। लखनऊ जंक्शन-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस की सेकेंड सीटिंग क्लास में वेटिंग 26 तक है। दो सप्ताह पहले ही वैशाली एक्सप्रेस में वेटिंग 400 के पार, थर्ड एसी इकोनोमी में 35 से अधिक, एसी थर्ड में 200 व एसी सेकेंड में 72 से 91 तक चल रही थी। वहीं, लखनऊ मंडल के बुढ़वल-सीतापुर रेल खंड पर कार्य के चलते निरस्त की गई गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस को शुक्रवार से बहाल कर दिया गया। बाराबंकी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक अरुण रायजादा बताते हैं कि भीड़ बढ़ने लगी है। मगर अभी तमाम ट्रेनों में सीटें खाली हैं। यात्री तेजी से ऑनलाइन बुकिंग करा रहे हैं।

**देवा मेला में बढ़ेगी भीड़, बाहर से मांगी फोर्स**

30 अक्तूबर से शुरू हो रहे देवा मेला को लेकर रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। जरूरत पड़ी तो अलग से काउंटर भी खोले जा सकते हैं। 10 दिन तक चलने वाले देवा मेला के दौरान बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़ेगी। इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाकचौबंद की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर स्थित जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मेले को देखते हुए बाहर से अतिरिक्त फोर्स की मांग की गई है।

# तीन बिंदुओं की जांच में कई नाम आए सामने, हत्या की पहेली सुलझने की उम्मीद

देवरिया । बलुआ अफगान गांव के डाक टोला निवासी हंसनाथ की हत्या के करीब एक सप्ताह के बाद भी मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। एसओजी और पुलिस के तीन बिंदुओं की जांच में कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। एसओजी बहुत जल्द कुछ लोगों को हिरासत में लेकर घटना से जुड़ी सवाल जानने को पूछताछ कर सकती है।

भटनी के बलुआ अफगान गांव के डाक टोला में शनिवार की रात हंसनाथ तिवारी उर्फ बिट्टू की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी। घटना के एक सप्ताह बाद भी एसओजी और पुलिस टीम आरोपियों की पहचान नही कर पाई है। वहीं, बिट्टू का दूसरा मोबाइल भी पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। जिससे युवक की हत्या किसने और क्यों की यह पहेली बनकर रह गया है। पुलिस के अलावा परिजन व ग्रामीण भी यह जानने को बहुत परेशान है कि आखिर बिट्टू की हत्या किस वजह से हुई है। इसके लिए परिजन प्रतिदिन पुलिस से सवाल कर रहे है, जिसका जवाब अभी पुलिस के पास नही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसओजी व पुलिस की जांच टीम प्रेम -प्रसंग, लेनदेन और जमीन संबंधी विवाद को आधार बनाकर जांच कर रही है। तीनों बिंदुओं के जांच में कुछ लोगों का नाम सामने आया है। ऐसे में एसपी के आदेश पर बहुत जल्द एसओजी कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठा सकती है। पुलिस को उम्मीद है कि जांच में कुछ ऐसे सुराग हाथ आएगा जिससे हत्या की गुत्थी सुलझ सकती है। फिलहाल पुलिस पूरी ताकत से गायब मोबाइल को बरामद करने में जुटी है। ताकि बिट्टू से लगातार बात करने वाले की पहचान हो सके। प्रभारी निरीक्षक बृजेश मिश्र ने बताया कि पुलिस हत्यारोपियों की पहचान के लिए प्रयास कर रही है। लगातार लोगों से पूछताछ की जा रही है। हत्या के आरोपी किसी भी हाल में बच नहीं पाएंगे।

## वन गमन का मंचन देख भाव-विभोर हुए दर्शक

बस्ती। विक्रमजोत क्षेत्र के रानीपुर बस्थनवां व नियामतपुर गांव में चल रही रामलीला में कलाकारों ने राम विवाह व राम वन गमन का मार्मिक मंचन किया। क्षेत्र के रानीपुर बस्थनवां में बृहस्पतिवार को कलाकारों ने राम विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। अयोध्या से बारात निकल जनकपुर पहुंचती है। तहां गुरू वशिष्ठ, विश्वामित्र, शतानंद की मौजूदगी में चारों भाइयों का विवाह संपन्न हुआ। मौके पर आयोजक बलराम चौहान, महेश चौहान, वृजेंद्र उपाध्याय, भूपेंद्र पांडेय, पप्पू यादव आदि मौजूद रहे। नियामतपुर गांव में चल रही रामलीला में श्रीराम के राजतिलक की तैयारी का मंचन किया गया। अयोध्या में राम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी कि इसी बीच मंथरा ने कैकेयी को मतिभ्रम कर दिया। मंथरा के झांसे में आकर कैकेयी महाराजा दशरथ से पूर्व में दिए गए वचन के अनुसार दो वर मांगती हैं। जिसमें वह राम के लिए वन और भरत के लिए राजपाठ मांगती हैं। रानी के दोनों वर सुनकर राजा दशरथ मूर्छित होकर गिर गए। यहीं पर परदा गिर जाता है।

# लालकुआं-बेंगलुरु के बीच जल्द शुरू होगी रेल सेवा, इज्जतनगर मंडल ने बोर्ड को भेजा प्रस्ताव

बरेली। दक्षिण भारत के लिए बरेली से सीधी रेल सेवा नहीं है। कानपुर के लिए मात्र एक ट्रेन है और जयपुर के लिए ट्रेनों की संख्या सीमित है।पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने इन रूटों पर सीधी रेल सेवा शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। दक्षिण भारत के लिए सीधी रेल सेवा जल्द शुरू हो सकती है।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल लालकुआं-बेंगलुरु के बीच रेल सेवा शुरू करेगा। शुरुआत में यह ट्रेन प्रायोगिक तौर पर सप्ताह में एक दिन चलाई जाएगी। इसके अलावा टनकपुर-जयपुर और लालकुआं-कानपुर के बीच भी सीधी रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है। दक्षिण भारत के लिए बरेली से सीधी रेल सेवा नहीं है। कानपुर के लिए मात्र एक ट्रेन है और जयपुर के लिए ट्रेनों की संख्या सीमित है। त्योहार के सीजन में भी इन रूटों पर अब तक स्पेशल ट्रेनों की घोषणा नहीं की गई है। बरेली-जयपुर के बीच वाया बांदीकुई रेल सेवा को बंद कर दिया गया था। इसके बाद इस रूट पर लगातार रेल सेवा शुरू करने की मांग हो रही है। कानपुर के लिए भी ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की भी लंबे समय से मांग चल रही थी। पिछले दिनों जीएम चंद्रवीर रमण के साथ बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी इन रूटों पर ट्रेनों के संचालन की मांग की थी। रेलवे ने अब इन रूटों पर ट्रेनों का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। लालकुआं-बेंगलुरु, टनकपुर-जयपुर सप्ताह में दो दिन और लालकुआं-कानपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रस्ताव है। रेल मंडल ने टनकपुर-जयपुर स्पेशल ट्रेन के संचालन का समय भी रेल बोर्ड को उपलब्ध करा दिया है।

**एलएचबी कोच की तीन रैक उपलब्ध**

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के पास एलएचबी कोच की तीन रैक उपलब्ध हैं। रेल मंडल के पास चार रैक थीं। इनमें एक रैक टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस में लगाई जा चुकी है। रेलवे बोर्ड को रेल मंडल की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि तीन रैक की उपलब्धता है।

ऐसे में लंबी दूरी की तीन ट्रेनों का संचालन शुरू होने में कोई समस्या नहीं आएगी। रेल मंडल की ओर से दक्षिण भारत के लिए रेल सेवा पर ज्यादा जोर दिया गया है।

दरअसल, बरेली से दक्षिण भारत के लिए सीधी रेल सेवा नहीं है। इसकी लंबे समय से मांग हो रही है। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने कहा कि लालकुआं-बेंगलुरु, टनकपुर-जयपुर और लालकुआं-कानपुर के बीच ट्रेनों का संचालन प्रस्तावित है। इज्जतनगर मंडल के पास तीन रैक भी उपलब्ध हैं। प्रस्तावित तीन जोड़ी ट्रेनों में कम से कम दो जोड़ी का संचालन अक्तूबर अंत या नवंबर पहले सप्ताह में प्रायोगिक तौर पर शुरू हो जाएगा।

# ओवरब्रिज निर्माण ने पकड़ी तेजी, पांच पिलर तैयार, 17 बाकी

### पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे पर कोतवाली देहात में चल रहा है निर्माण

बिजनौर। भले ही नेशनल हाईवे का काम कछुआ चाल से चल रहा है, लेकिन ओवर ब्रिज के निर्माण ने तेजी पकड़ ली है। पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर कोतवाली देहात में बनाए जा रहे ओवरब्रिज के पांच पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। इस ब्रिज में कुल 22 पिलर बनाए जाएंगे। 750 मीटर लंबाई के साथ यह सबसे बड़ा ओवरब्रिज होगा। कोतवाली देहात में 200 मीटर लंबा ओवरब्रिज प्रस्तावित था। मगर, दुकानदारों के विरोध के चलते इसके डिजाइन में फेरबदल किया गया। डिजाइन में फेरबदल होने की प्रक्रिया के चलते इसका निर्माण देरी से चालू हुआ।

आखिरकार दो सौ मीटर से बढ़ाकर इसकी लंबाई 750 मीटर कर दी गई। ऐसे में पूरे कस्बे से ऊपर ही हाईवे होकर निकल जाएगा। अब इसके निर्माण ने तेजी पकड़ ली है, पांच पिलर बनकर तैयार हो चुके हैं। कुल 22 पिलर बनाए जाएंगे। निर्माण कंपनी मार्च 2024 तक निर्माण पूरा करने का दावा कर रही है, हालांकि साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

**बाईपास से जुड़ जाएंगे दोनों हाईवे**

कोतवाली मार्ग को पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे में शामिल करने के बाद सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस सड़क को मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए साढ़े तीन किलोमीटर लंबा बाईपास भी बनाया जा रहा है। यह बाईपास बिजनौर नजीबाबाद मार्ग में पैदा के पास से शुरू होकर कोतवाली मार्ग पर वीकेआईटी कॉलेज के पास निकल रहा है। बाईपास का भी 60 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है।

**एक अंडरपास कर दिया गया चालू**

इस मार्ग में चार अंडरपास भी बनाए गए हैं। इनमें पीली चौकी के अंडरपास को चालू कर दिया गया है जबकि महेश्वरी जट, बरुकी और वीकेआईटी के पास वाला अंडरपास सड़क से जुड़ना बाकी रह गया है। फिलहाल नहरों, छोइया नदी और बान नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है जोकि गर्डर स्तर तक हो चुका है।

**तय सीमा में पूरा नहीं हो पाया काम**

दो साल पहले हाईवे का निर्माण चालू कर दिया गया था। अब मई 2023 में इसे पूरा कर लिया जाना था लेकिन इस परियोजना के पूरी होने में देरी हो चुकी है। 22 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसमें अभी तक केवल 14 किलोमीटर लंबी सड़क ही बन सकी है। हालांकि निर्माण के दौरान लोगों का काफी मुश्किलें झेलनी पड़ रही है। क्योंकि जगह जगह मिट्टी होने की वजह से उड़ती धूल लोगों को परेशान करती है।

कोतवाली देहात में ओवर ब्रिज के पांच पिलर तैयार हो चुके हैं। अगले साल इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। बान नदी के पुल पर अगले सप्ताह स्लैब डालने का काम चालू हो जाएगा। बाकी पुलों पर दीपावली तक गर्डर रखे जाएंगे। - अरुण शुक्ला, इंजीनियर निर्माण कंपनी

## इतिहास समेटे घंटाघर से किसी तरह की छेड़छाड़ नामंजूर

एटा। लंबा इतिहास समेटे शहर के घंटाघर का कुछ हिस्सा जर्जर हो गया है। पालिका इसे हटाना चाहती है, लेकिन स्थानीय लोगों ने विरोध जता दिया है। उनका कहना है कि शहर की पहचान इस एतिहासिक इमारत में किसी तरह की छेड़छाड़ मंजूर नहीं। अंग्रेजों के शासनकाल में उस समय शहर के बीचोंबीच इस घंटाघर का निर्माण कराया गया था। वर्ष 1903 में नगर पालिका ने इसे बनवाया था।जिसकी ऊंचाई करीब 100 फीट है। अपने समय की यह शहर की सबसे ऊंची इमारत थी। एक सदी और दो दशक से यह शहर की पहचान और शासन बना हुआ है। इसी घंटाघर के तले स्वतंत्रता संग्राम की तमाम गतिविधियां भी हुईं। आजादी के बाद भी इसका महत्व कम नहीं हुआ। लेकिन समय गुजरने के साथ यह कमजोर पड़ने लगा। फिलहाल घड़ी तो बंद है ही, अधिक ऊंचाई की वजह से साफ-सफाई भी नहीं हो पाती। देखरेख और मरम्मत के अभाव में बाहर की ओर इसका एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिरासू हाल में पहुंच गया है। इसी हिस्से को नगर पालिका द्वारा तोड़ने जाने की बात कही जा रही है।

# सरकारी जेनरिक दवाएं कारगर, ऋषिकेश एम्स के विशेषज्ञ बोले-निजी कंपनियों के परिणाम शक के घेरे में

चंडीगढ़ । डॉ. पुनीत का कहना है कि सरकार दवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए नियम कानून बना रही है। केंद्र स्तर पर उसका पालन भी हो रहा है, लेकिन राज्य स्तर पर आते आते स्थिति खराब हो जा रही है। अब भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां जोनल ऑफिसर की तैनाती नहीं है। जेनरिक दवाओं का असर उसकी निमार्ण कंपनी पर काफी हद तक निर्भर करता है। सरकार जिन जेनेरिक दवाओं का निर्माण अपनी देखरेख में करवा रही है, उसकी गुणवत्ता ब्रांडेड के समान है। लेकिन बाजार में बिक रही सभी जेनेरिक दवाओं को लेकर यह बात नहीं कही जा सकती, क्योंकि निर्माण की प्रक्रिया पर दवाओं की गुणवत्ता निर्भर करती है। यह कहना है ऋषिकेश एम्स के फार्माकोलॉजी विभाग के डॉ. पुनीत जुनेजा का। वह पीजीआई के फार्माकोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में बतौर वक्ता मौजूद थे।

डॉ. पुनीत का कहना है कि सरकार दवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए नियम कानून बना रही है। केंद्र स्तर पर उसका पालन भी हो रहा है, लेकिन राज्य स्तर पर आते आते स्थिति खराब हो जा रही है। अब भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां जोनल ऑफिसर की तैनाती नहीं है। जिलों में ड्रग इंस्पेक्टरों के पद वर्षों से खाली पड़ेहैं। एक ही ड्रग इंस्पेक्टर कई जिलों की जिम्मेदारी संभाल रहा है। केंद्र एक नियम बना रहा है, लेकिन राज्यों में वे बदल जा रहे हैं।

**विदेशों से आने वाले माल की गुणवत्ता पर सवाल**

गड़बड़ दवाओं पर डॉ. पुनीत का कहना है कि अब भी काफी दवाएं विदेशों से मंगाई जा रही हैं। वहां क्वालिटी कंट्रोल की व्यवस्था लचर है। आने वाले माल के हर बैच की गुणवत्ता जांच की व्यवस्था कर पाना संभव नहीं है। गड़बड़ी को दूर करने के लिए ही सरकार ने अब सभी दवा कंपनियों के लिए डब्ल्यूएचओ के गुड मैन्यूफैक्चरिंग सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए कंपनियों को एक साल का समय दिया गया है।

## एक हफ्ते बाद सेक्टर-23 का शक्ति ज्वेलर फिर सील

चंडीगढ़। एस्टेट ऑफिस ने भवन उल्लंघन का हवाला देते हुए शुक्रवार को दोबारा सेक्टर-23 में एक एससीओ को सील कर दिया है। पिछले सप्ताह व्यापारियों के विरोध के चलते इस एससीओ को खोल दिया गया था और मालिक को सप्ताह के अंदर उल्लंघनों को हटाने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि समय देने के बावजूद उल्लंघनों को नहीं हटाया गया। उधर, दुकानदार ने अब अदालत का दरवाजा खटखटाया है। सोमवार को सुनवाई हो सकती है। सेक्टर-23 स्थित शक्ति ज्वेलर के मालिक ने बताया कि पहले एस्टेट ऑफिस ने उन्हें सप्ताह का समय दिया है, जिसके चलते ही पांच के करीब उल्लंघनों को उन्होंने हटा लिया था लेकिन इसके बावजूद उनके एससीओ को सील कर दिया गया। कहा कि हर बार ही विभाग की तरफ से नया उल्लंघन बता दिया जाता है। एक बार उन्हें सभी उल्लंघन बता दिए जाएं ताकि वह उसे हटा लें।

उन्होंने कहा कि फेस्टिवल सीजन के दौरान कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे पहले 13 अक्तूबर को भी इस एससीओ को सील कर दिया गया था। तब पूरी मार्केट के व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं थी और सड़क पर जाम लगा दिया था। आठ घंटे सड़क जाम होने के बाद ही विभाग ने दोबारा एससीओ को खोल दिया था, जिसके बाद ही व्यापारी शांत हुए और अपना धरना खत्म किया था। इस दौरान मालिक को उल्लंघन हटाने के लिए सप्ताह का समय दिया गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान पुलिस की तरफ से पहले ही चेतावनी जारी कर दी गई थी कि अगर किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन किया गया तो विभाग की तरफ से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 946 ग्राम पंचायतों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

बुलंदशहर। शहरी क्षेत्र की तर्ज पर जिले की 946 ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। इस पर पंचायत निधि खर्च होगी। डीपीआरओ के अनुसार सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव को इससे संबंधित निर्देश जारी कर दिए हैं। ग्रामीण अंचल की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। ग्राम प्रधान को ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव को पास करना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुसार सरकार ने शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों को लगवाने के आदेश जारी किए हैं। जिले की 946 ग्राम पंचायतों में ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत सीसीटीवी कैमरा ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूल के साथ ग्राम पंचायत के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर लगवाए जा सकेंगे। व्यक्तिगत स्थलों पर लगवाने पर प्रतिबंध रहेगा। इन कैमरों को पुलिस कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। इन कैमरों को लगवाने के साथ ही इनके संचालन के लिए पंचायत में बिजली के लिए सोलर सिस्टम लगवाने के साथ ही इंटरनेट की कनेक्टिविटी को क्रियाशील किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा के साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाए जाएंगे। ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत इन कैमरों को लगाए जाने से ग्रामीण अंचल में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता गांव को उपलब्ध हो सकेगी। जिले की ग्राम पंचायतों में कैमरों से निगरानी की जाएगी। ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत ग्राम पंचायतें अपनी पंचायत के सार्वजनिक स्थल, प्रमुख चौराहों, पंचायत के प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगवा सकेंगी। इससे पंचायतों में सुरक्षा, विकास के साथ हर तरह की जानकारी ग्रामीणों को हो सकेगी। - डॉ. प्रीतम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी

## पति-पत्नी को ईंट मारकर किया घायल

बस्ती। थाना क्षेत्र के अगौना गांव में जमीन के विवाद में हुई मारपीट में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए गए तहरीर में मशां देवी ने लिखा है कि ससुर नीवर व सास पिलकी देवी बृहस्पतिवार को खेत देखने गए थे। खेत के बगल में रह रहे पट्टीदार रामकिशुन, रामजीत, पार्वती, रीता जमीन के विवाद में दोनों लोगों पर ईंट फेंक कर घायल कर दिया। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक विजयकांत यादव को सौंपी गई है।

## अमहट घाट के सुंदरीकरण के 15.98 लाख का बजट मंजूर

बस्ती। शहर के मेन इंट्री प्वाइंट कहे जाने वाले अमहट पुल को चमकाने व ध्वस्त हो चुकी नालियों के मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी ने 15.98 लाख का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। जिस पर शासन ने मंजूरी देकर धन जारी कर दिया है। जल्द ही यह ऐतिहासिक पुल व इसका अप्रोच नए कलेवर में चमकने लगेगा। शहर से सटकर बहने वाली कुआनो नदी पर अंग्रेजों ने वर्ष 1907 में पुल का निर्माण किया था। भारी ट्रक के गुजरने के कारण वह पुल 16 फरवरी 2017 को नदी में समा गया और मंडल मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लोग फोरलेन के पुल से आवागमन करने को मजबूर होने लगे। नतीजा यह हुआ कि महज कुछ मीटर की जगह राहगीरों को तकरीबन चार किमी अधिक की दूरी तय करनी मजबूरी हो गई। यही नहीं इस पुल के ढहने के कारण जिले के तकरीबन डेढ़ सौ गांवों के नियमित राहगीरों व अमहट घाट पर धार्मिक आयोजन करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं ने जब धरना प्रदर्शन किया तो जिला प्रशासन ने पहल कर नए पुल के निर्माण की जिम्मेदारी राज्य सेतु निगम को सौंप दिया। इधर इस 106 मीटर लंबे पुल व उसका अप्रोच जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है और यहां बनी नालियां ध्वस्त होने लगी हैं। जिला प्रशासन की पहल पर पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एक के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने असिस्टेंट इंजीनियर यूसी विश्वकर्मा व उनकी टीम से सर्वे करवाया ।

# रुपये लेने के बाद भी नहीं किया बैनामा, अब देना होगा जुर्माना

बुलंदशहर। 250 वर्ग गज के प्लॉट के लिए पूरी धनराशि देने के बाद भी अलीगढ़ की पंचशील सहकारी आवास समिति लिमिटेड ने क्रेता को बैनामा नहीं किया। अब पीड़ित की शिकायत पर उपभोक्ता आयोग ने समिति के पदाधिकारियों को 45 दिन में बैनामा करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा की स्थिति में पीड़ित को सात फीसदी की दर से ब्याज देना होगा। उपभोक्ता आयोग के सहायक जन सूचना अधिकारी शेखर वर्मा ने बताया कि नगर की यमुनापुरम कॉलोनी निवासी सुशीला देवी ने अलीगढ़ की पंचशील सहकारी आवास समिति लिमिटेड से एक 250 वर्ग गज का प्लॉट वर्ष 1991 में खरीदा था। प्लॉट के लिए पूरी धनराशि देने के बाद भी समिति के पदाधिकारियों ने उनके पक्ष में बैनामा नहीं किया था। जिसके चलते छह जनवरी 2021 को उन्होंने उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया था। वाद दायर करने के बाद सुशीला देवी की मौत हो गई। जिसके बाद उपभोक्ता आयोग ने उनके पति रामस्वरूप वर्मा और उनके दो बेटों को प्लॉट के लिए वारिस बनाया। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने सदस्यों के साथ दोनों पक्षों को सुना और फैसला सुनाया। इस दौरान पंचशील सहकारी आवास समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि 45 दिन के अंदर प्लॉट का बैनामा किया जाए और यदि संभव नहीं है तो प्लॉट की कीमत 2508382 रुपये वाद दायर करने की तारीख से सात फीसदी की दर से ब्याज सहित वापस किया जाए और पांच हजार रुपये वाद व्यय के तौर पर दिए जाएं।

## सोच बदलनी होगी, चुप नहीं रहना है -एसपी

बिजनौर। महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के तहत ग्राम भोजपुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने अपने अनुभवों को साझा किया। कहा कि शोषण के विरुद्ध चुप्पी को तोड़ना पड़ेगा। सोच बदलनी होगी, चुप नहीं रहना है और किसी के दबाव में नहीं आना है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने छात्राओं और महिलाओं को सोशल मीडिया पर अपने फोटो अपलोड ना करने की सलाह दी। सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो अपलोड के नुकसान के संबंध में अनुभवों को साझा किया। छात्राओं से आह्वान किया कि वह पढ़ाई पर ध्यान दें और तरक्की के प्रत्येक क्षेत्र में अव्वल आएं, यही जीवन में सफलता की कुंजी है। महिला इंस्पेक्टर ने वुमन हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 1930, 102, 108, 1098, 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। जनपद पुलिस महिला सशक्तिकरण के लिए 24 घंटे तत्पर है। योगेन्द्र राजपूत की अध्यक्षता एंव संचालन में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, रजनी कालरा, मयंक अग्रवाल, आकाश जैन, अशोक कुमार एंव क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ऊर्जा निगम के अधिकारियों को अतिथि बनाकर ठेकेदार ने चोरी से बांट दी बिजली

हापुड़। नक्का कुआं के पास रामलीला के मेले में ठेकेदार ने करीब 20 लाख की बिजली चोरी कर दुकानदारों को बांट दी। इस मेले के उद्घाटन में ऊर्जा निगम के अधिकारी भी अतिथि बनकर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें इसकी भनक नहीं लगी। बृहस्पतिवार रात में विजिलेंस ने छापा माराकर चोरी पकड़ी। ठेकेदार समेत तीन के खिलाफ तहरीर दी गई है। रामलीला मेले की ठेकेदारी को लेकर हर साल ठेकेदारों में ठनती है, इस बार नक्का कुआं पर लगे मेले में भी ऐसा ही कुछ हुआ। क्योंकि इसमें बिजली चोरी की जिस तरह सूचना दी गई, वह बिल्कुल सटीक थी। हालांकि गोपनीय तरीके से शिकायत लखनऊ में की गई थी। इसका संज्ञान लेकर बृहस्पतिवार रात प्रवर्तन दल के एई एससी यादव के नेतृत्व में एसडीओ द्वितीय अंकित कुमार, प्रभारी उप निरीक्षक शफीक अहमद, सुमित, लवलेश कुमार, नीरज कुमार आदि के साथ रामलीला मेले में पहुंचे। एससी यादव ने बताया कि मेला परिसर की जांच की गई, जिसमें बिना कनेक्शन स्वीकृति के ही चार कोर का केबल डालकर करीब 70 मीटर दूर से एलटी लाइन से बिजली की चोरी की जा रही थी। चेकिंग में करीब 17.811 किलोवाट की चोरी पकड़ी गई। विजिलेंस के अधिकारियों ने बताया कि करीब 20 लाख की चोरी पकड़ी गई है। गगन अग्रवाल उर्फ नन्हे ठेकेदार समेत तीन के खिलाफ तहरीर दी गई है।

## मंदिर में महिला के साथ पकड़ा सिपाही, लोगों ने किया हंगामा

गढ़मुक्तेश्वर। गंगानगरी ब्रजघाट में हनुमान मंदिर में डायल 112 में तैनात एक सिपाही को आसपास के लोगों ने बुरका पहने हुए एक महिला के साथ पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देकर कोतवाली भेज दिया। ब्रजघाट पुलिस चौकी प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि नगर की एक चौकी में तैनात सिपाही की कोई परिचित महिला थी। जिसने किसी काम के लिए उसे ब्रजघाट के हनुमान मंदिर पर बुला लिया। दोनों चाय पीते हुए आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मंदिर में बुरका पहने हुए महिला को पुलिसकर्मी के साथ देखा और हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया और कोतवाली भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि हिरासत में ली गई महिला अमरोहा क्षेत्र की बताई जा रही है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह का कहना है कि पूछताछ में दोनों पुराने परिचित हैं। सिपाही की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजी जा रही है, निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात पुलिस ने किया राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के पुत्र की कार का चालान

हापुड़। यातायात पुलिस ने प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांग सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के पुत्र की स्कार्पियो के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी होने पर 2500 रुपये का चालान कर दिया। वहीं, शीशों से काली फिल्म भी उतरवाई गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर यातायात पुलिस मेरठ रोड वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान करीब 12.30 बजे उन्हें एक स्कार्पियो आती हुई दिखाई दी, जिसके शीशों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी। पुलिसकर्मियों ने कार को रुकवा लिया। यातायात पुलिस नियम के तहत 2500 रुपये का चालान किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में पता चला कि वह गाड़ी मंत्री नरेंद्र कश्यप के पुत्र सिद्धार्थ कश्यप के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी में वह स्वयं भी मौजूद थे। हालांकि इस दौरान उनके द्वारा किसी प्रकार का विरोध नहीं किया गया और न ही मंत्री द्वारा इस मामले में किसी प्रकार का दखल दिया गया। अमित कुमार ने बताया कि यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए पूरे जिले में अभियान तहत यह कार्रवाई की गई है।

## बैंक में चोरी के मास्टरमाइंड से नोट गिनने की मशीन बरामद

हापुड़। बैंक चोरी मामले के मास्टरमाइंड को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को जेल से पुलिस कस्ट्डी रिमांड ( पीसीआर ) पर लिया। पुलिस ने चोर की निशान देही पर चोरी की नोट गिनने की मशीन बरामद की। एसएचओ सुमन कुमार सिंह ने बताया कि 25 अगस्त की रात को चोरों ने डूहरी स्थित प्रथमा बैंक पर धावा बोलकर सुरक्षा गार्ड की बंदूक और नोट गिनने की मशीन चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने 23 सितंबर को मुठभेड़ में चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के मास्टर माइंड डूहरी गांव निवासी हिमांशु ने 5 अक्तूबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसे शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर जेल से रिमांड पर लाया गया। उन्होंने बताया कि हिमांशु की निशानदेही पर बैंक से चोरी की गई नोट गिनने की मशीन को बरामद किया गया है। जिसके बाद उसे दोबारा जेल भेज दिया गया है।

## महिला से दुष्कर्म, न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

गढ़मुक्तेश्वर। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला के साथ दुष्कर्म व पिटाई के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी बेटी की शादी फरवरी में जनपद मेरठ निवासी युवक से हुई थी। लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद गांव का एक युवक उसकी बेटी को ससुराल से बहका फुसला कर अपने साथ ले गया। उसके परिजनों ने एक माह तक तलाश की और बेटी को खोजकर गांव ले आए। इस संबंध में उसने एसपी कार्यालय में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अगस्त में वह अपने पति के साथ खेतों पर काम करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान आरोपी युवक, उसके भाई व पिता ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। जिन्होंने दोनों की पिटाई की। जिसके बाद तमंचे के बल पर एक आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। लेकिन लोगों को आता देखकर आरोपी भाग निकले। कोतवाली में तहरीर देने के लिए जाने के दौरान आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक बार फिर रास्ते में उन्हें रोका और पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर उसे न्यायालय में वाद दायर करना पड़ा। सीओ आशुतोष शिवम का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर शीशपाल, चमन, संदीप, तिलक और उनके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अग्निकांड के मृतक आश्रितों को मिले आठ लाख

हापुड़। दौलतपुर ढीकरी गांव में तीन सितंबर को गैस सिलिंडर से हुए रिसाव से एक ही परिवार के चार लोगों की इलाज के दौरान हुई मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक आश्रितों को शासन ने आठ लाख रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराई है। एसडीएम डॉ. संतोष उपाध्याय ने बताया कि तीन सितंबर को तहसील क्षेत्र के गांव दौलतपुर ढीकरी में हरीश चंद्र सैनी उर्फ हरिया के घर गैस सिलिंडर से हुए रिसाव के चलते गंभीर हादसा हुआ। जिसमें उनकी पत्नी शिमला, विवाहिता बेटी रेनु, बेटे नीरज उर्फ चिंकू, राहुल उर्फ प्रेम झुलस गए थे। इलाज के दौरान चारों सदस्यों की मौत हो गई थी। इस दौरान दो बच्चे भी आग की चपेट में आ गए थे। मामले में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया ने दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी थी और शासन स्तर से सभी मृतकों के आश्रितों को आर्थिक मदद मुहैया कराने की बात जिला प्रशासन से की थी। इस मामले में पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। मृतकों के आश्रितों के खातों में आठ लाख रुपये की आर्थिक मदद भेजी गई है।

## गोरखपुर में रुपये के लालच में गंवा दिए गहने, केस दर्ज

गोरखपुर। एम्स में इलाज कराने आई महिला रुपये के लालच में खुद ही जालसाजों को अपना मंगलसूत्र व कान की बाली दे दी। बदले में उसे कागज की गड्डी मिली। पीड़ित की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, एम्स इलाके के नीना थापा के पास की रहने वाली धनिसरा देवी 19 अक्तूबर को एम्स में इलाज कराने गई थीं। वह गेट नंबर तीन से जैसे ही बाहर निकली, तभी एक व्यक्ति उनसे मिला। उसने महिला को काले कपड़े में सिला हुआ बंडल दिया और बोला कि यह नोट की गड्डी है। वह महिला के साथ ऑटो में बैठ गया। ऑटो में पहले से ही चालक समेत दो लोग बैठे थे। महिला को झांसा देकर कान की बाली व मंगलसूत्र निकलवा लिया और कूड़ाघाट के पास उतार दिया। महिला जब घर पहुंची तो ठगी की जानकारी हुई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से ऑटो व उन व्यक्तियों की पहचान में जुटी है।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के खड़पड़हवा चौकी के पास पैदल जा रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो कोइरीपुर टोला निवासी जशवंता देवी का खड़पड़हवा चौकी के पास धुलाई सेंटर खुला हुआ है, अपने घर से पैदल पिच रोड के रास्ते धुलाई सेन्टर पर जा रही थी।

## उच्चस्तरीय समिति प्रवेश प्रक्रिया की करेगी समीक्षा, कुलपति ने समिति का किया गठन

गोरखपुर। गोविवि कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि प्रवेश मानदंड और वेटेज आवंटन में सुधार के लिए समिति का गठन किया गया है। यह प्रयास विश्वविद्यालय को मजबूत करेगा और इसकी निरंतर सफलता में योगदान देगा। गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा एवं सुधार के लिए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदकों के लिए प्रवेश मानदंड और वेटेज के आवंटन में संशोधित सुधारों की समीक्षा करेगी और महत्वपूर्ण सुझाव देगी। इस समिति में अधिष्ठाता विधि संकाय, अधिष्ठाता कला संकाय, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण सदस्य होंगे। इसके साथ ही समिति में कुलपति की ओर से नामित छात्र प्रतिनिधि और एक अन्य सदस्य भी होंगे। इस समिति का उद्देश्य वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा करना, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना और निष्पक्षता, पारदर्शिता और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ विश्वविद्यालय के लक्ष्यों के अनुरूप परिवर्तनों का प्रस्ताव करना होगा।

प्रवेश के मानदंडों की समीक्षा कर सुधार पर तैयार होगी रिपोर्ट

समिति वर्तमान प्रवेश मानदंड का मूल्यांकन करने और प्रक्रिया में ताकत और कमजोरियों की पहचान करेगी। साथ ही वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया के साथ उनके अनुभवों और सुधार के लिए उनके सुझावों के संबंध में छात्रों, संकाय और प्रशासनिक कर्मचारियों से प्रतिक्रिया प्राप्त करेगी। प्रवेश मानदंड और आवेदन के विभिन्न पहलुओं, जैसे शैक्षणिक प्रदर्शन, मानकीकृत परीक्षण स्कोर, पाठ्येतर गतिविधियों और अन्य प्रासंगिक कारकों को दिए गए वेटेज में सुधार के लिए सिफारिशों का एक सेट विकसित करेगी। समिति एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसमें प्रस्तावित परिवर्तनों, उनके पीछे के तर्क और कार्यान्वयन के लिए एक समय व रूपरेखा प्रस्तुत करेगी।

अनुसंधान पर दिया जाएगा जोर

समिति सर्वोत्तम प्रथाओं और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए सहकर्मी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण करेगी और अनुसंधान पर जोर देगी। गोविवि कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि प्रवेश मानदंड और वेटेज आवंटन में सुधार के लिए समिति का गठन किया गया है। यह प्रयास विश्वविद्यालय को मजबूत करेगा और इसकी निरंतर सफलता में योगदान देगा। विश्वविद्यालय के प्रवेश मानदंडों की नियमित समीक्षा और समायोजन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि हम सर्वोत्तम और सबसे विविध प्रतिभाओं को आकर्षित करना जारी रखें।

## बेटी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा, जंगल में ले जाकर वारदात को दिया था अंजाम

गोरखपुर। शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि वादी विजयी चिलुआताल थाना क्षेत्र के पीरू सईद का निवासी है। 28 फरवरी 2021 को उसका पुत्र अभियुक्त रमेश भारती अपनी पुत्री काजल, पुत्र प्रिंस व सबसे छोटी पुत्री श्रेया को मोटरसाइकिल से दवा कराने ले गया था। बेटी की हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नीलू मोघा ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के पीरू सईद निवासी अभियुक्त रमेश भारती को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि वादी विजयी चिलुआताल थाना क्षेत्र के पीरू सईद का निवासी है। 28 फरवरी 2021 को उसका पुत्र अभियुक्त रमेश भारती अपनी पुत्री काजल, पुत्र प्रिंस व सबसे छोटी पुत्री श्रेया को मोटरसाइकिल से दवा कराने ले गया था। सुबह 7.30 बजे जब उसका पुत्र रमेश वापस आया तो उसकी पुत्री श्रेया मृत अवस्था में थी। वादी की बड़ी पोती ने बताया कि पापा ने जंगल में ले जाकर श्रेया की गला दबाकर हत्या कर दी है और हमें धमकी दी है कि घर पर किसी को कुछ नहीं बताना।

## डार्क वेब की रेडरूम साइट पर लाइव दिखाई जा रही है निठारी कांड जैसी हैवानियत, बच्चों पर खतरा

नोएडा। इंटरनेट के अंडरवर्ल्ड कहे जाने वाले डार्कवेब पर बिटकॉइन के जरिये न केवल हथियार, मादक पदार्थ और अश्लील वीडियो की बिक्री हो रही बल्कि बोली लगाकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है निठारी कांड में मासूम बच्चों और किशोरियों की जिस तरह की दरिंदगी (यौन शोषण, अंग काटना और प्रताड़ना) का जिक्र सीबीआई की जांच में हुआ, ऐसी ही हैवानियत डार्क वेब की रेडरूम साइट पर लाइव दिखाई जा रही है। इंटरनेट के अंडरवर्ल्ड कहे जाने वाले डार्कवेब पर बिटकॉइन के जरिये न केवल हथियार, मादक पदार्थ और अश्लील वीडियो की बिक्री हो रही बल्कि बोली लगाकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। मोबाइल-इंटरनेट की लत, एडवेंचर और कुछ नया हासिल करने की चाहत युवाओं और किशोरों को अंधकार में धकेल रही है। डार्क वेब के जरिये गौतमबुद्ध नगर में पहले ही मादक पदार्थ बिक्री और क्रेडिट कार्ड हैक कर फर्जीवाड़े का खुलासा हो चुका है। कोरोना काल वर्ष 2020 में दादरी में दसवीं के छात्र दीपांशु चौहान ने खुदकुशी कर ली थी। जान देने से पहले उसने इंस्ट्रग्राम पर भगवान और शैतान की लड़ाई चलने और सबको मरना होगा जैसी बातें लिखी थीं। परिजन का कहना था कि दीपांशु हमेशा मोबाइल में वीडियो देखता रहता था। आशंका जताई गई थी कि दीपांशु डार्क वेब में फंस गया था। डार्क वेब पर रेडरूम के अलावा सिल्क रोड, कैनिबल कैफे, मिस्ट्री बॉक्स नाम की तमाम साइटें हैं, जिन पर अवैध गतिविधियां संचालित हैं। दावा किया जाता है कि डार्क रूम पर रेकी, जासूसी से लेकर सुपारी लेकर हत्या के सौदे भी किये जाते हैं। दुनिया भर के लोगों के हैक किए गए डेबिट-क्रेडिट कार्ड की डिटेल भी डार्क रूम पर बोली लगाकर बेची जा रही है। किसी व्यक्ति विशेष की निजी वीडियो, लोकेशन व अन्य जानकारियों के अलावा यहां सक्रिय हैकर्स फेसबुक, इंस्टाग्राम हैक करने का भी दावा रुपये लेकर करते हैं। डार्क वेब पर अपराध करने और कराने वाले अधिक सक्रिय हैं लेकिन दरिंदगी और हैवानियत की वीडियो डार्क वेब पर न केवल लाइव देख रहे हैं बल्कि चैटिंग से बोली लगाकर अपने तरीके से हैवानियत कराने की रकम अदा कर रहे हैं। दावा किया जाता है कि ये वीडियो असली हैं। ऐसे वीडियो बच्चों का मानसिक रोगी बना रहे हैं। नॉलेज पार्क स्थित पारिवारिक विवाद समाधान केंद्र की को-ओर्डिनेटर व कानूनी विशेषज्ञ डॉ. रितु गौतम ने बताया कि ग्रेटर नोएडा की रहने वाली एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसके ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया था। काउंसलिंग में पता चला कि कोरोना काल में महिला ने इंटरनेट पर सक्रियता बढ़ा ली। वह डार्कवेब में जाकर अश्लील वीडियो बनाकर पैसे कमाने लगी। महिला के वीडियो वायरल हो गए थे। हालांकि काउंसलिंग के बाद पति उसे अपने साथ रखने को तैयार हो गया लेकिन ससुराल वाले नहीं माने।

लीक हो सकती हैं निजी जानकारी

आम लोग इंटरनेट के केवल चार फीसदी का इस्तेमाल करते हैं। शेष 96 फीसदी डीप वेब या डार्क वेब में इस्तेमाल होता है। इसमें वैध व अवैध गतिविधियां शामिल होती हैं। ये ओनियन राउटिंग टेक्नोलॉजी पर काम करता है, जिससे इसे ट्रैक करना संभव नहीं होता। सर्च इंजन से इसे इंडेक्स नहीं किया जा सकता और इसमें आईपी एड्रेस भी छुपा रहता है। डार्क वेब में चेन सिस्टम से किशोर व युवाओं को जोड़ा जाता है। लेकिन इससे बेहद सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि डार्क वेब पर जाने वालों की निजी जानकारियां लीक हो सकती हैं। बैंक अकाउंट डेबिट-क्रेडिट कार्ड आदि हैक कर लिए जाते हैं। इसके अलावा उनके निजी वीडियो फोटो भी लीक हो जाते हैं। इसके बाद वे ठगी या ब्लैकमेलिंग के शिकार हो सकते हैं। तत्कालीन ग्रेटर नोएडा डीसीपी आईपीएस अभिषेक वर्मा ने 18 सितंबर 2022 को डार्क वेब पर ग्राहक बनकर विदेशी ड्रग्स तस्करी में लिप्त तीन छात्रों को गिरफ्तार कर 29 लाख की ड्रग्स बरामद की थी।

## पंढेर की रिहाई की सूचना पर छलका दर्द, पीड़ितों ने कहा- नहीं मिला इंसाफ; फफक कर रो पड़े मां-बाप

नोएडा। मोनिंदर सिंह पंढेर के जेल से छूटते की सूचना मिलते ही पीड़ितों का दर्द छलक उठा। बच्चों को खो देने वाले माता-पिता फफक कर रो पड़े। पीड़ितों ने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि बच्चों के हत्या के आरोपी कानून का शिकंजा तोड़कर बाहर निकलने में कामयाब हो जाएंगे। मोनिंदर सिंह पंढेर को लुक्सर जेल से रिहा होने की सूचना मिलते ही निठारी स्थित डी-5 कोठी के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई। पुलिस को आशंका थी कि आरोपी के जेल से छूटने की खबर मिलने के बाद कोठी के आसपास का माहौल बिगड़ सकता है। हालांकि निठारी में पूरे दिन शांति कायम रही। इधर आरोपी के जेल से छूटते की सूचना मिलते ही पीड़ितों का दर्द छलक उठा। बच्चों को खो देने वाले माता-पिता फफक कर रो पड़े। पीड़ितों ने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि बच्चों के हत्या के आरोपी कानून का शिकंजा तोड़कर बाहर निकलने में कामयाब हो जाएंगे। निठारी कांड में लापता ज्योति ( 10 ) के पिता झब्बूलाल और पत्नी सुनीता ने पंढेर की रिहाई को साजिश बताया। डी-5 कोठी के पास कपड़े प्रेस कर रहे दोनों ने कहा कि पुलिस और सीबीआई की नाकामी से आरोपी की रिहाई हुई है। सुनीता कहती हैं कि उसने पुलिस और सीबीआई को बहुत सारे सबूत दिए थे। पुलिस ने ज्योति के कपड़े, चप्पल और हेयर बैंड बरामद किए थे। जिसकी पहचान भी कराई गई थी। फिर भी आरोपी छूट गया। रिहाई की खबर सुनकर पांच वर्ष के मासूम को खोने वाली निठारी निवासी राजवती व उनका परिवार भी स्तब्ध था। हालांकि राजवती ने इस मामले में किसी तरह की टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। वहीं निठारी कांड में लापता हुए साढ़े तीन साल के हर्ष के पिता रामकिशन भी शुक्रवार को डी-5 कोठी पहुंचे।

काफी देर तक कोठी की ओर देखते रहने के बाद बाद वह बाइक से चले गए। उन्होंने कि कि जब पंढ़ेर बाहर आया गया है तो कोली को भी बाहर ले आएगा। गरीबों का कोई नहीं है। अगर एजेंसियों ने सही से जांच की होती तो मोनिंदर कभी बाहर आ ही नहीं सकता था।

हर पांच मिनट पर आती जाती रही पुलिस की गाड़ी

डी-पांच कोठी के पास नोएडा पुलिस की पीसीआर भी लगातार गश्त करती नजर आई। हर पांच मिनट के अंतराल पर पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मी हूटर बजाकर स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखने का प्रयास करते नजर आए।

रेहड़ी ठेली वालों को हटाया

आम दिनों में डी-पांच कोठी के सामने फल व जूल वालों की रेहड़ी ठेली लगती थी। लेकिन शुक्रवार को पुलिस ने सबको वहां से हटा दिया। कोठी से करीब 500 मीटर की दूरी पर पुलिस की दो पीसीआर शाम तक तैनात रही।

कोठी पर आने की थी अटकलें

कुछ स्थानीय लोगों को जेल से रिहा होने के बाद मोनिंदर के कोठी पर आने की उम्मीद थी। गांव के कुछ लोग उसे देखने के लिए कोठी के आसपास मंडराते हुए दिखाई दिए। हालांकि बाद में पंढ़ने की चंडीगढ़ जाने की खबर फैलते ही लोग लौट गए।

अधिवक्ताओं ने किया पीड़ितों से संपर्क

पीड़ित रामकिशन ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को दो अधिवक्ता मिलने आए थे। उन्होंने मामले को फिर से सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की बात कही है। अधिवक्ताओं ने बताया कि बस इस मामले में गवाही के लिए उन्हें आना होगा।

हालांकि रामकिशन और झब्बू ने कहा कि अब उन्हें ज्यादा भरोसा नहीं है और न ही अब वह इस चक्कर में पड़ेगें।

## बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर सपाइयों का प्रदर्शन, नारेबाजी

कन्नौज। जिले में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड व संक्रामक रोग तेजी से फैल रहे हैं। संक्रामक बीमारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलकर रख दी है। इनकी रोकथाम न होने और जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज न मिलने पर सपाइयों ने शुक्रवार को आक्रोश जताया। जिला अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। सीएमएस को ज्ञापन देकर व्यवस्थाएं बेहतर करने की मांग की। शुक्रवार को सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या सपा नेता जिला अस्पताल पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अस्पताल परिसर में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में सीएमएस डॉ. शक्ति बसु को ज्ञापन सौंपा। सपाइयों ने ज्ञापन में कहा कि बुखार से हजारों लोग पीड़ित हैं। लेकिन सरकारी अस्पतालों में न तो उचित इलाज लोगों को मिल रहा है और न ही पर्याप्त डॉक्टर हैं। आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं भी नहीं हैं। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की यह हालत है कि डायलिसिस के समय बिजली की सप्लाई कट जाती है, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है। जिले भर में डेंगू का प्रकोप है। लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने के लिए मजबूर हैं।

## एक जनवरी को बालिग हो रहे युवाओं का मतदाता सूची में जुड़ेगा नाम, निर्देश जारी

गोरखपुर। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के संबंध में 27 अक्तूबर से नौ दिसंबर तक आपत्तियां ली जाएंगी। इसके बाद 4,5, 25 , 26 नवंबर और 3, 4 दिसंबर को बीएलओ अपने-अपने बूथों पर बैठकर आपत्तियां प्राप्त करेंगे। एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवा फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं।

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासनिक अधिकारी मतदाता सूची तैयार करने में जुट गए हैं। शुक्रवार को प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर एक जनवरी 2024 को 18 साल के हो रहे युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने 27 अक्तूबर से नौ दिसंबर तक चलने वाले मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा की। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के संबंध में 27 अक्तूबर से नौ दिसंबर तक आपत्तियां ली जाएंगी। इसके बाद 4,5, 25 , 26 नवंबर और 3, 4 दिसंबर को बीएलओ अपने-अपने बूथों पर बैठकर आपत्तियां प्राप्त करेंगे। एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवा फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 4, 5, 25, 26 नवंबर और 2 एवं 3 दिसंबर 2023 तक अभियान की विशेष तिथियां होंगी। 9 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 5 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में उन्होंने कहा कि बीएलओ हर बूथ पर मौजूद मतदाता सूची लेकर मौजूद रहेंगे। दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए उनके पास सभी फार्म रहेंगे। यह लोगों को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

मतदाता सूची में नाम शामिल करने, संशोधन सहित अन्य सुधारों के लिए कौन-कौन से फार्म भरवाए जाएंगे। इसकी जानकारी लोगों को दी जाएगी। पात्र मतदाता अपने आवेदन फार्म संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुमार सौरव आदि मौजूद रहे।

## न्यूनतम तापमान में गिरावट से रात में ठंडक का एहसास, शुगर-ब्लड प्रेशर के रोगी रखें खास ख्याल

गोरखपुर। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिन में आसमान आमतौर पर साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास रह सकता है। फिलहाल अगले चार से पांच दिन मौसम में किसी विशेष बदलाव का संकेत नहीं है। रात में निकलने वालों को हल्की ठंडक का एहसास होने लगा है। पिछले कुछ दिनों 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना न्यूनतम तापमान शुक्रवार को 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। ऐसे में रात में लापरवाही करने वालों के बदला मौसम का मिजाज भारी पड़ रहा है। दिन में भले ही तेज धूप निकलती हो, रात में हल्की ठंड सताने लगी है। शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। बृहस्पतिवार के न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो शनिवार रात को तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। अब रात में तापमान की गिरावट के साथ धीरे-धीरे ठंड बढ़ेगी। दिन में आसमान साफ रहने से अभी हल्की गर्माहट बनी रहेगी। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिन में आसमान आमतौर पर साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास रह सकता है। फिलहाल अगले चार से पांच दिन मौसम में किसी विशेष बदलाव का संकेत नहीं है।

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अचानक तापमान में इतना अधिक परिवर्तन से शुगर व ब्लड प्रेशर के मरीजों को खास दिक्कत हो सकती है। सबसे अधिक सावधानी ऐसे मरीजों को ही रखनी होती है। नियमित रूप से अपने शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच कराएं। इसके अलावा खान-पान व पहनावे को लेकर भी सतर्क रहें।

## हेल्थ एटीएम बीमार, कहीं ताला तो कहीं स्टिक ही नहीं

कन्नौज। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को जांच की त्वरित सुविधा मिल सके इसके लिए विधायक निधि से छह अस्पतालों में हेल्थ एटीएम लगाए गए हैं। लाखों रुपये की लागत की यह मशीनें शोपीस बनकर रह गई हैं। कहीं जांच के लिए स्टिक नहीं हैं तो कहीं दूसरे उपकरण न होने की वजह से हेल्थ एटीएम बीमार पड़े हैं। कुछ बंद भी पड़े हैं। जिले के लोगों को बेहतर और हाईटेक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए करीब एक साल पहले विधायक निधि से जिले के तिर्वा, सौरिख, हसरेन, तालग्राम, विशुनगढ़ व छिबरामऊ सीएचसी में हेल्थ एटीएम लगाए गए थे। इस हेल्थ एटीएम की मदद से मरीजों की 59 तरह की जांचें सिर्फ 10 मिनट में हो जाती हैं। अलग-अलग जांच रिपोर्ट के लिए अलग-अलग स्टिक लगाई जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते हेल्थ एटीएम खुद बीमार पड़ गए हैं। कहीं जांच वाली स्टिक खत्म हो गई तो कहीं किसी उपकरण की खराबी की वजह से मशीन बंद पड़ी हैं।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बोले- सपा सरकार में दंगाइयों के हवाले था सूबा, सपाई परिवारवाद तक सीमित

हरदोई। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि जब अखिलेश यादव शासन में थे, तो पूरे प्रदेश में अराजकता थी और सरकार दंगाइयों के साथ खड़ी थी। मुलामय सिंह यादव के शासन काल में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की गई और कारसेवकों पर गोलियां चलवाई गईं। हरदोई जिले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सूबे में मच्छर न संभाल पाने और विश्वगुरू बनने की बात पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पलटवार किया है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि भाजपा ने चुनाव से पहले संकल्प पत्र में जो कहा था वह सब करके दिखाया। अखिलेश यादव अपना और मुलायम सिंह यादव का कार्यकाल याद कर लें, फिर टिप्पणी करें।

उन सरकारों में सूबा दंगाइयों के हवाले था। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति हम संकल्पित हैं, लेकिन सपाई परिवारवाद और जातिवाद तक ही सीमित हैं। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी के पति उपेंद्र तिवारी की पुण्य तिथि में शामिल होने के लिए हरदोई पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा कि हमारी सरकारों ने बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, सुरक्षा सहित सभी विषयों पर काम किया है।

देश और प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए मोदी और योगी

जब अखिलेश यादव शासन में थे, तो पूरे प्रदेश में अराजकता थी और सरकार दंगाइयों के साथ खड़ी थी। मुलामय सिंह यादव के शासन काल में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की गई और कारसेवकों पर गोलियां चलवाई गईं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए मोदी और योगी के नेतृत्व में काम किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

भाजपा ने बाबा साहब की विचारधारा को आगे बढ़ाया

प्रधानमंत्री से लेकर बूथ अध्यक्ष तक सेवा कार्या, रचनात्मक कार्यों के जरिए सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच ले जा रहे हैं। अखिलेश के बाबा साहब का संविधान खतरे में होने संबंधी बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के प्रतीक चिन्हों को मिटाने का काम हमेशा सपा ने किया है। भाजपा ने बाबा साहब की विचारधारा को आगे बढ़ाया है।

लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा जरूरी

कांग्रेस नेताओं और अखिलेश यादव के बीच चल रही जुबानी जंग पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। विपक्ष के नेता भी हैं, लेकिन इन लोगों का इतिहास और सभ्यता कुछ अलग है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए ठगबंधन किया गया है। यह लोग कुछ भी कर लें प्रदेश और देश की जनता सब जानती है।

## विदेशी परिंदों की चहलकदमी से निखरा पौंग बांध, पर्यटन कारोबार को मिलेगा बढ़ावा

हमीरपुर। तीन दिनों से पौंग बांध के किनारों पर कॉमनकूट, ब्राउन हेडेड गल्स, पैलेस गल्स और ब्लैक गल्स पक्षियों की प्रजातियां आना शुरू हो गई हैं। साइबेरियन व अन्य देशों से आने वाले परिंदे यहां पर पांच से छह महीने बिताने के बाद फिर अपने वतन की ओर रवाना हो जाते हैं। पंछी नदिया पवन के झोंके कोई सरहद इन्हें न रोके...यह गाना पौंग बांध में हजारों किलोमीटर का सफर तय करके आ रहे प्रवासी पक्षियों पर सही बैठ रहा है। इन दिनों साइबेरिया और अफगानिस्तान में ठंड काफी ज्यादा हो जाती है। इस कारण प्रवासी पक्षियों ने विश्व प्रसिद्ध वेटलैंड साइट पौंग बांध में आना शुरू कर दिया है। वन्य प्राणी विभाग हमीरपुर ने इन प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध कर रखे हैं। तीन दिनों से पौंग बांध के किनारों पर कॉमनकूट, ब्राउन हेडेड गल्स, पैलेस गल्स और ब्लैक गल्स पक्षियों की प्रजातियां आना शुरू हो गई हैं। साइबेरियन व अन्य देशों से आने वाले परिंदे यहां पर पांच से छह महीने बिताने के बाद फिर अपने वतन की ओर रवाना हो जाते हैं। पिछले वर्ष विदेशी परिंदों की 108 प्रजातियां वन्य प्राणी विभाग ने अधिसूचित की थीं। पिछली बार लांग टेल डक भी पौंग बांध में देखी गई थी। जो पक्षी यहां पर आते हैं वे दोबारा आ रहे हैं या नहीं, इसका पूरा आंकड़ा रखा जा रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से इन प्रवासी पक्षियों पर टैग लगाए जाते हैं। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने इसके लिए पैट्रोलिंग करना शुरू कर दी है। प्रवासी परिंदों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी भी स्थापित किए गए हैं। विभाग इन पक्षियों की गणना के लिए तैयारी कर चुका है। रिंगिंग का कार्य फोटोग्राफी के जरिये किया जाता है। विभाग के अधिकारी इस बार प्रवासियों की गणना व उनकी सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों की मदद लेंगे। इसके लिए विभाग की ओर ट्रायल किए जा रहे हैं। पौंग बांध के नीले गगन में यह प्रवासी पक्षी ऊंची-ऊंची उड़ान भरते हुए नजर आ रहे हैं। पौंग बांध में इन परिंदों को पर्याप्त मात्रा में भोजन मिलता रहता है। यहां की मछली व इसके अलावा दूसरे जीव-जंतु जो इस पानी में पाए जाते हैं, प्रवासी परिंदों का पसंदीदा भोजन रहता है। प्रवासी पक्षियों के आने से विभाग के अधिकारी बर्ड फेस्टिवल की तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए उक्त अधिकारी प्रदेश सरकार से इसके लिए तिथि फाइनल करने के लिए भी बातचीत कर रहे हैं। 207 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाला पौंग बांध प्रवासी परिंदों को सर्दियों में काफी भाता है। विश्व के विभिन्न देशों से सितंबर से विदेशी परिंदे पौंग बांध जलाशय का रुख करना शुरू कर देते हैं और फरवरी के अंत तक यहां से रुखस्त होना शुरू हो जाते हैं। वन्य प्राणी विभाग ने जनवरी 2023 के अंत में 1 लाख 17 हजार 22 विदेशी परिंदों की गणना पौंग बांध जलाशय में की थी। पिछली बार 59 प्रजातियों के विदेशी और 29 स्थानीय प्रजातियों के पक्षी पौंग बांध जलाशय में आए थे। हमीरपुर में ब्यास नदी के तट पर भी यह प्रवासी परिंदे देखे जा सकते हैं।

पौंग बांध में आ चुकी हैं ये प्रजातियां

पौंग बांध जलाशय में वन विभाग की वन्य प्राणी सेंचुरी के मुताबिक यूरेशियन कूट, नॉर्दर्न पिंटेल, कॉमन टील, कॉमन पोचर्ड, यूरेशियन विजन, लिटिल कॉर्मोरेंट, नॉर्दर्न शोवेलर और ग्रेट कॉर्मोरेंट प्रजातियां पौंग बांध में देखी जा चुकी हैं। इसके अलावा सर्दियों में स्थानीय प्रजातियां भी यहां पर आती हैं। वन्य जीव विभाग हमीरपुर के रेंज ऑफिसर पविंद्र कुमार ने बताया कि पौंग बांध जलाशय में तीन दिनों से कॉमनकूट, ब्राउन हेडेड गल्स, पैलेस गल्स व ब्लैक गल्स प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां आना शुरू हो गई हैं। विभाग की ओर से प्रवासियों की सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर रखे हैं। विभागीय कर्मचारी व अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इस बार इनकी गणना के लिए ड्रोन की भी मदद ली जाएगी।

## नशे के खिलाफ 2000 मीटर दौड़ में आदित्य और शिवाली ने सबको पछाड़ा

हमीरपुर। एशियन गेम्स में पदक तालिका में भारत के पदकों की संख्या बढ़ने से जहां विश्व पटल पर राष्ट्र का सम्मान बढ़ा है, वहीं देशवासियों खासकर युवाओं में उत्साह का संचार हुआ है। यह बात प्रदेश भाजपा सचिव और सामाजिक संस्था यस के अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर नशे के खिलाफ जागरूकता दौड़ में भाग लेने वाले सैकड़ों युवाओं को संबोधित करते हुए कही। इसके बाद जागरूकता दौड़ में प्रतिभागियों ने खूब दमखम दिखाया। पुरुष वर्ग की 2000 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम, आदित्य पटियाल दूसरे, अरुण शर्मा तीसरे, अभय चौथे, रोहित पांचवे, विशाल छठे, अतुल सातवें, रजत आठवें, अजय नौवें स्थान पर निशु कुमार दसवें स्थान रहे। इसके अलावा करण और गौरव होटल मैनेजमेंट से अपने वर्ग में प्रथम और दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग के 2000 मीटर में शिवाली प्रथम, रिचा दूसरे व राशि तीसरे स्थान पर रहे। सुहानी चौथे, शगुन पांचवे, पलक छठे, रीतिका सातवें, अर्पित आठवें, शिवांगी नौवें, श्वेता दसवें स्थान पर रहीं। पुरुष व महिला वर्ग के पहले 10- 10 विजेताओं को देसी घी व ब्रांडेड टी-शर्ट, स्मृति चिह्न व दोनों वर्ग में प्रथम विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिया गया। उइस दौड़ में 300 युवाओं ने भाग लिया। सभी के लिए फलों व जूस की व्यवस्था रही।

इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों में सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला ठाकुर, सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता एवं सामाजिक संस्था ज्योति कलश के अध्यक्ष इंजीनियर सूरम सिंह, खेल केंद्र हमीरपुर के असिस्टेंट डायरेक्टर मनोज अवाती, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी रंजीत ठाकुर, सेवानिवृत्त अधिकारी प्रेम ठाकुर, सुरेश कटोच, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, मंडल के उपाध्यक्ष रहे एवं अणु पंचायत के पूर्व प्रधान सुरेंद्र राजू मिन्हास, बूथ अध्यक्ष विजय ठाकुर, सेवानिवृत्त वन अधिकारी अनंत राम सुमन, ओलंपियन दिव्या आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

